दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 30 जुलाई-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 221 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3


## लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर बोले पीएम

# दुनिया के किसी नेता ने जंग नहीं रुकवाई : मोदी

### राहुल ने कहा- पीएम में इंदिरा की तरह दम तो सदन में कहें ट्रम्प झूठे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान दुनिया में किसी भी देश ने भारत को अपनी सुरक्षा में कार्रवाई करने से रोका नहीं है। 193 देशों में सिर्फ 3 देशों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के समर्थन में बयान दिया।

उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का नाम लिए बिना कहा- दुनिया के किसी भी नेता ने भारत से पाकिस्तान के खिलाफ एक्शन रोकने नहीं कहा था। पीएम ने कहा- 9 मई की रात अमेरिका के उप राष्ट्रपति जी ने मुझसे बात करने का प्रयास किया, वो घंटे भर कोशिश कर रहे थे।

पीएम ने कहा- मेरी सेना के साथ मीटिंग चल रही थी। मैंने बाद में उन्हें फोन किया। तब उन्होंने मुझे बताया कि पाकिस्तान बहुत बड़ा हमला करने वाला है। मेरा जो जवाब था- जिनको समझ नहीं आता उनको नहीं आएगा। अगर पाकिस्तान का ये इरादा है तो उसे बहुत महंगा पड़ेगा।

मोदी से पहले राहुल गांधी ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 29 बार कहा है कि हमने युद्ध रुकवाया। अगर दम है तो प्रधानमंत्री यहां सदन में यह बोल दें कि वह झूठ बोल रहे हैं। कहें कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमारा एक भी फाइटर जेट नहीं गिरा।

# 'पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकी मारे गए', राज्यसभा में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चल रही चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। मैं आतंकियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना करता हूं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा की तरह राज्यसभा में भी चर्चा शुरू की। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान में नागरिकों की जान को कोई नुकसान पहुंचाए बिना आतंकी शिविरों को नष्ट करने का विकल्प चुना।

पाकिस्तान भारत में किसी भी लक्ष्य पर हमला नहीं कर सका। हमने सभी हमले रोक दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में नौ आतंकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। 100 से अधिक आतंकवादी, उनके आका और समर्थक मारे गए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को फिलहाल रोका गया गया है। अगर पाकिस्तान ने कोई और दुस्साहस किया तो इसे फिर से शुरू करने में संकोच नहीं किया जाएगा। देश की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत में आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता है। सुरक्षा बलों को अपना लक्ष्य चुनने की पूरी स्वतंत्रता दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि भारत अपनी संप्रभुता और आत्मसम्मान की रक्षा करना जानता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान और आतंकवादी भारत को एक नरम देश समझते थे। ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि हम अपनी संप्रभुता की रक्षा के

शेष, पृष्ठ 2

# हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी मामले में हाईकोर्ट ने दी अब 5 अगस्त की तारीख

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** बढ़े हुए हाउस टैक्स को लेकर जिस तारीख का इंतजार हो रहा था उस तारीख पर अदालत ने अगली तारीख दे दी। गौरतलब है कि नगर निगम ने हाउस टैक्स की दरों में वृद्धि की थी और भाजपा के पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी, हिमांशु मित्तल और अनिल स्वामी ने इस कर वृद्धि को निगम अधिनियिम के विरुद्ध बताते हुए मोर्चा खोला था। उन्होंने हाईकोर्ट में रिट दाखिल की थी और हाईकोर्ट ने इस मामले में 29 जुलाई को सुनवाई की डेट तय की थी। इसी बीच 30 जून को मेयर ने हाउस टैक्स के मुद्दे को लेकर नगर निगम की बोर्ड बैठक बुला ली और बोर्ड बैठक में हाउस टैक्स दरों में वृद्धि का प्रस्ताव सर्वसम्मति से निरस्त हुआ। मेयर सुनीता दयाल ने सदन में हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी के प्रस्ताव के निरस्त होने की घोषणा की और इस घोषणा के दौरान नगर निगम सदन में पार्षदों के अतिरिक्त पदेन सदस्य लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, विधायक संजीव शर्मा मौजूद थे। इसी बीच पूर्व पार्षदों ने मिनट्स बुक की चर्चा की और सदन के मौजूदा पार्षदों ने निगम के अधिकारियों से मिनट्स बुक की डिमांड की। पार्षद मिनट्स बुक मांगते रहे, लेकिन अधिकारी इसे टालते रहे और फिर वो दिन आ गया जब नगर निगम में भाजपा के ही पार्षद धरने पर बैठ गए। इसी बीच नगर निगम मुख्यालय में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई और आग का हवाला देकर मिनट्स बुक पार्षदों के हवाले नहीं की गई। इसी बीच वो तारीख आ गई जब अदाल को इस मामले में सुनवाई करनी थी। 29 जुलाई को सभी की निगाहें हाईकोर्ट पर लगी थी और हाईकोर्ट में नगर निगम को शपथ पत्र दाखिल करना था, लेकिन अदालत ने फिर तारीख दे दी। नगर निगम बनाम पूर्व पार्षदों के केस का नंबर 18 था और 14 नंबर पर ही अदालत ने सुनवाई समाप्त कर दी और इसके आगे के केसों के लिये अगली तारीख दी, जिसमें गाजियाबाद नगर निगम हाउस टैक्स के मामले में अब अगली सुनवाई पांच अगस्त को होगी। बताया जाता है कि पांच अगस्त को इस मामले में अदालत सुनवाई करेगी ही क्योंकि इसे अदालत की इसी प्रक्रिया के तहत रखा गया है। वहीं बताया जाता है कि नगर निगम ने भी अदालत में अपना हलफनामा दाखिल किया है।



### हम करेंगे पांच अगस्त से पहले जवाब दाखिल: हिमांशु मित्तल

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम के पूर्व पार्षद पूर्व जीडीए बोर्ड सदस्य तथा इस केस में याचिकाकर्ता हिमांशु मित्तल ने दैनिक करंट क्राइम ने बात की। उन्होंने कहा कि अदालत ने इस मामले में पांच अगस्त की डेट लगाई है। नगर निगम ने अपना जवाब शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि कर बढ़ोत्तरी को लेकर हमने अपनी याचिका में इसे निगम एक्ट के विरुद्ध बताया था और नगर निगम ने अपने जवाब में अपना पक्ष रखा है। पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल ने कहा कि हमारा प्रयास यह होगा कि हम पांच अगस्त से पहले ही इस मामले में अपना जवाब दाखिल करेंगे ताकि पांच अगस्त को अदालत सुनवाई करे। उन्होंने कहा कि नगर निगम का शपथ पत्र अभी नहीं मिला है और निगम के शपथ पत्र की कॉपी मिलते ही हम अपना जवाब अदालत में दाखिल करेंगे।

# आईएएस कपिल सिंह बने डीएम कानपुर देहात

### - शानदार रहा यमुना अथॉरिटी में उनका कार्यकाल



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** आईएएस कपिल सिंह को कानपुर देहात का जिलाधिकारी बनाया गया है। कपिल सिंह की गिनती तेज तर्रार और त्वरित फैसले लेने वाले अधिकारियों में होती है। वो जनसुनवाई से लेकर अधिनस्थ कर्मचारियों के साथ बेहद सौम्यता से पेश आते हैं। प्राथमिकता पर निष्पक्षता के साथ कार्यवाही करते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि वो एक ऐसे अधिकारी हैं जो शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करते हैं। कपिल सिंह का गाजियाबाद से भी नाता रहा है। वो गाजियाबाद में सिटी मस्ट्रिेट के पद पर तैनात रहे हैं। सिटी मजिस्ट्रेट के पद पर कार्य करते हुए उन्होंने कई महत्वपूर्ण मामलों में विवेक से काम लिया और एक सफल अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाई। वर्तमान समय में कपिल सिंह यमुना अथॉरिटी में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी के पद पर तैनात थे। यहां लगभग उनका दो साल का कार्यकाल रहा है। सोमवार की देर रात आई तबादला सूची में कपिल सिंह का भी नाम आया उन्हें कानपुर देहात का डीएम बनाया गया है। कपिल सिंह एक ऐसे आईएएस अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं जो प्राथमिकता पर जनसुनवाई करते हैं। निष्पक्ष तरीके से वो जांच करते हैं और वो फैसले लेते हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि वो किसी के दबाव में आकर काम नहीं करते हैं और शासन की मंशा के अनुरूप काम करते हुए जनता के लिये उपलब्ध रहते हैं।

## शोक सांत्वना





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। स्वर्गीय पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी के निधन के बाद उनके आवास पर मंगलवार को एमएलसी व पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया तथा भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत विधायक अजीत पाल त्यागी के आवास पर शोक व्यक्त करने के लिए पहुंचे।

# जिलाधिकारी दीपक मीणा के तबादले ने किया हैरान

## अपने व्यवहार से बना ली थी कुछ समय में बड़ी पहचान





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** गाजियाबाद के डीएम दीपक मीणा का सोमवार की देर रात तबादला हो गया। देर रात तबादले की लिस्ट आई और इस लिस्ट में गाजियाबाद वाला गजब का ट्विस्ट था। गाजियाबाद में डीएम के रूप में छह महीने की पारी खेलने वाले आईएएस दीपक मीणा का इस तबादला लिस्ट में नाम था। देर रात आई इस लिस्ट को लेकर सुबह कलक्ट्रेट के गलियारों से लेकर सियासत के दरबारों तक चर्चा का विषय था। क्योंकि वजह यह थी कि डीएम दीपक मीणा का नाम इस लिस्ट में नहीं आना था।

किसी को भी गाजियाबाद के डीएम दीपक मीणा के तबादले की उम्मीद नहीं थी और इसकी वजह भी यह थी कि छह महीने के कार्यकाल में आईएएस दीपक मीणा ने जिलाधिकारी के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाई थी।

वो एक ऐसे अधिकारी के रूप में अपनी पहचान बनाने में सफल हुए जो प्राथमिकता के साथ जनसुनवाई करते थे। विभागीय जांच निष्पक्षता के साथ कर रहे थे और सबसे बड़ी बात ये थी कि जनता से लेकर जनप्रतिनिधियों तक उनका व्यवहार सबसे अच्छा रहा। हाल ही में उनके कुशल नेतृत्व में कांवड़ यात्रा सकुशल संपन्न हुई। उनके बारे में ये कहा जाता है कि वह बेहद सहज उपलब्ध और सरल व्यक्तित्व के अधिकारी थे।

### मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर का संभालेंगे डीएम के रूप में चार्ज

करंट क्राइम। आईएएस दीपक मीणा तबादला गौरखपुर के लिये हुआ है। गौरखपुर जनपद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गृह जनपद माना जाता है। दीपक मीणा मुख्यमंत्री के गृह जनपद गौरखपुर के नये डीएम बनाए गए हैं। वह गौरखपुर के डीएम की कमान संभालेंगे। सोमवार की देर रात उनके तबादले की खबर मिली और तबादला आदेश मिलते ही आईएएस दीपक मीणा ने डीएम गाजियाबाद का चार्ज छोड़ दिया और अब वो डीएम गौरखपुर के रूप में चार्ज संभालेंगे।

# रविंद्र कुमार मंदर बने गाजियाबाद के नए डीएम

### रविंद्र कुमार मंदर 2013 बैच के आईएएस हैं

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएएस रविंद्र कुमार मंदर को गाजियाबाद का नया डीएम बनाया गया है। वो प्रयागराज के डीएम थे और अब वो गाजियाबाद के डीएम होंगे।

रविंद्र कुमार मंदर 2013 बैच के आईएएस हैं। उन्हें मुख्यमंत्री की गुडबुक का आईएएस माना जाता है। एक ऐसे आईएएस अधिकारी हैं जिनकी कार्यशैली की प्रशंसा होती है। जनसुनवाई से लेकर शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने की उनकी कार्यशैली है। बड़ी बात ये है कि वो देश के उन चुनिंदा आईएएस अधिकारी हैं जो मुख्यमंत्री के गुडबुक के अधिकारी हैं और अपनी वर्किंक के लिये देश के प्रधानमंत्री के हाथों सम्मानित हुए। फिलहाल वो प्रयागराज में जिलाधिकारी के रूप में तैनात थे और अब वो गाजियाबाद के डीएम का कार्यभार संभालेंगे। रविंद्र कुमार मंदर रामपुर में भी तैनात रहे हैं। इस दौरान उन्होंने जहां मिशन समर्थ चलाया था। इसके अलावा वो वृंदावन मथुरा में नगर आयुक्त के पद पर रहे हैं।





**गाजियाबाद के नए डीएम रविंद्र कुमार मंदर को प्राइमिनिस्ट अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के लिए प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया है।**

### दिव्यांग बच्चों को दिया नया जीवन, कराई 61 बच्चों की सर्जरी

करंट क्राइम। आईएएस रविंद्र कुमार मंदर एक सामान्य आईएएस अधिकारी नहीं हैं वो विलक्षण प्रतिभा के धनी हैं। उन्होंने परोपकार के ऐसे काम किये हैं कि उनका नाम उन दिव्यांग बच्चों और उनके माता पिता की जुबान पर हैं जिन्हें आईएएस रविंद्र कुमार मंदर के प्रयासों से एक नया जीवन मिला। रामपुर में डीएम रहते हुए उन्होंने मिशन समर्थ चलाया और 61 दिव्यांग बच्चों की सर्जरी कराई। वो नेकदिली के लिये जाने जाते हैं। जिन 61 बच्चों की उन्होंने सर्जरी कराई उनमें वसीम नाम का बच्चा उन्हें कभी नहीं भूलेगा। वसीम के लिये उन्होंने अमेरिका से कृत्रिम हाथ की व्यवस्था कराई थी, जिसकी कीमत ही छह लाख रुपए थी।

### 900 से ज्यादा जिंदा किये तालाब और गरीबों का पूरा किया ख्वाब

करंट क्राइम। गाजियाबाद के नए डीएम रविंद्र कुमार मंदर को ऐसे ही प्रधानमंत्री पुरस्कार नहीं मिला है। वो ऐसे ही मुख्यमंत्री की गुडबुक के आईएएस नहीं बने हैं, वो प्रशासनिक व्यवस्था और सामाजिक सरोकार और परोपकार से जुड़कर चलते हैं। उनका विजन राष्ट्रसेवा से जुड़कर चलता है। जब उन्होंने दिव्यांग बच्चों की सर्जरी कराकर एक नया जीवन दिया तो यहां केवल सेवा ही मूल था और किसी भी प्रकार की जाति या धर्म का कोई आधार नहीं था। आईएएस रविंद्र कुमार मंदर ने जल संरक्षण के क्षेत्र में एक बड़ी भूमिका निभाई है और उन्होंने जल संरक्षण के क्षेत्र में काम करते हुए 900 से ज्यादा तालाब बनाये, उन्हें पुनर्जीवित किया। सबसे बड़ी बात ये है कि एक अधिकारी के रूप में उन्होंने उन गरीबों का भी ख्वाब पूरा किया जिनके सर पर छत नहीं थी। उन्हें 11 ऐसे गरीबों को घर उपलब्ध कराए जो वास्तव में इसके पात्र थे। जिनके पास रहने के लिये जगह नहीं थी और आईएएस रविंद्र कुमार मंदर ने यहां विशेष रूचि लेते हुए इन गरीबों को घर उपलब्ध कराए।

### प्रधानमंत्री पुरस्कार से हो चुके हैं सम्मानित

करंट क्राइम। गाजियाबाद के नए डीएम रविंद्र कुमार मंदर को प्रधानमंत्री पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है। उन्हें प्राइमिनिस्ट अवॉर्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन के लिये प्रधानमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया है। एक आईएएस के रूप में यह बड़ी उपलब्धि है।


## श्रद्धांजलि सभा



बड़े दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी **स्व. श्री राजपाल त्यागी जी** (पूर्व कैबिनेट मंत्री उ.प्र. सरकार) अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके दिनांक 18 जुलाई 2025 को प्रभु चरणों में लीन हो गये थे, उनकी आत्मिक शांति के लिये

### श्रद्धांजलि सभा एवं रस्म पगड़ी

दिनांक : 30 जुलाई 2025 (दिनः बुधवार)

ब्रह्मभोज : प्रातः 11:00 बजे से
श्रद्धांजलि सभा : दोपहर 2:00 बजे से 4:00 बजे तक
रस्म पगड़ी : 4:00 बजे
स्थान : रामलीला मैदान, कविनगर, गाजियाबाद

### शोकाकुल परिवार


अजीत पाल त्यागी (पुत्र) विधायक मुरादनगर
गिरीश त्यागी (पुत्र)
यशपाल सिंह त्यागी (भाई) पूर्व ओ.एस.डी. नोएडा प्राधिकरण
राजीव त्यागी (भतीजा) प्रधान महाप्रबंधक यूपीसीडा
अभिषेक त्यागी (भतीजा)
वरूण त्यागी (भतीजा)

(पौत्र)
मोहित त्यागी, रोहित त्यागी, अरनव त्यागी, आदित्य त्यागी, हार्दिक त्यागी, विवान त्यागी

# देर रात दिल्ली-एनसीआर में बरसे बदरा, गर्मी से मिली राहत

## दिल्ली के कई इलाकों में तेज बारिश होने से सड़क पर जलभराव की स्थिति बनी








**नई दिल्ली।** दिल्ली समेत पूरे एनसीआर में बारिश से लोगों को उमस भरी गर्मी से बड़ी राहत मिली है। बीती रात से ही रूक-रूक कर बारिश हो रही है। दिल्ली के कई इलाकों में तेज बारिश होने से सड़क पर जलभराव हो गया है। सुबह के वक्त ऑफिस जा रहे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। राजधानी में उमस भरी गर्मी से लोगों का बुरा हाल है। ऐसे में सोमवार को भी सुबह से ही बादल और सूरज के बीच अठखेलियों का खेल जारी रहा। दिन के समय कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई, लेकिन इसने और उमस भरी गर्मी बढ़ा दी।

इस दौरान अधिकतम तापमान सामान्य से 0.7 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 35.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 28.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते 24 घंटे में हवा में नमी का 84 से 64 फीसदी रहा।

मौसम विभाग के अनुसार सोमवार शाम 5:30 बजे तक पालम में 10.7, आया नगर में 0.6 मिमी बारिश दर्ज की गई। वहीं, मौसम विभाग ने मंगलवार को बादल छाने के साथ हल्की से मध्यम वर्षा की संभावना जताई है। ऐसे में अधिकतम और न्यूनतम तापमान क्रमशः 30 और 24 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। विभाग के अनुसार, बुधवार को आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच और न्यूनतम 23 से 25 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

# 'पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकी मारे गए', राज्यसभा में बोले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चल रही चर्चा के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि अप्रैल में पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम देने वाले तीन आतंकियों को सुरक्षा बलों ने मार गिराया। मैं आतंकियों को मार गिराने के लिए सुरक्षा बलों की सराहना करता हूं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा की तरह राज्यसभा में भी चर्चा शुरू की। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं ने पाकिस्तान में नागरिकों की जान को कोई नुकसान पहुंचाए बिना आतंकी शिविरों को नष्ट करने का विकल्प चुना।

पाकिस्तान भारत में किसी भी लक्ष्य पर हमला नहीं कर सका। हमने सभी हमले रोक दिए। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में नौ आतंकी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया। 100 से अधिक आतंकवादी, उनके आका और समर्थक मारे गए।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को फिलहाल रोका गया गया है। अगर पाकिस्तान ने कोई और दुस्साहस किया तो इसे फिर से शुरू करने में संकोच नहीं किया जाएगा। देश की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत में आतंकवाद के प्रति शून्य सहिष्णुता है। सुरक्षा बलों को अपना लक्ष्य चुनने की पूरी स्वतंत्रता दी गई है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि भारत अपनी संप्रभुता और आत्मसम्मान की रक्षा करना जानता है।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि पाकिस्तान और आतंकवादी भारत को एक नरम देश समझते थे। ऑपरेशन सिंदूर ने दिखाया कि हम अपनी संप्रभुता की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। ऑपरेशन सिंदूर एक गेम चेंजर साबित हुआ। भारतीय अब एक नरम राज्य के नागरिक नहीं हैं, बल्कि एक मजबूत राष्ट्र के नागरिक हैं।



## 'जो कहते हैं वो करके दिखाते हैं'



नई दिल्ली : राज्यसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर मंगलवार को चर्चा की शुरूआत हुई। सरकार की तरफ से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने चर्चा की शुरूआत की। रक्षा मंत्री ने सबसे पहले ऑपरेशन महादेव में मारे गए तीन आतंकियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि तीनों आतंकी पहलगाम आतंकी हमले से जुड़े थे। रक्षा मंत्री ने कहा कि हम जो कहते हैं वो करते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकी हमलों के जवाब में भारत कठोर कार्रवाई करने को प्रतिबद्ध है।

**भारत एक जिम्मेदार ताकत** : रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक जिम्मेदार ताकत है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम देने से पहले हर पहलुओं का गंभीरता से अध्ययन किया। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं की तरफ से वेल कोऑर्डिनेटेड स्ट्राइक ने 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई की। इसमें 100 से अधिक आतंकी, सहयोगी, उनके ट्रेनर और हैंडलर मारे गए। इसमें लश्कर ए तैयबा, जैश–ए– मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन से जुड़े लोग शामिल थे। उन्होंने कहा कि हमारी कार्रवाई आत्मरक्षा में की गई थी।

**ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य युद्ध नहीं** : 10 मई को भारतीय वायुसेना की एयरफील्ड पर जोरदार प्रहार किया। इसके बाद पाकिस्तानी डीजीएमओ की तरफ से हमले रोकने की गुहार लगाई गई। ऐसे में भारत ने ऑपरेशन को स्थगित करने की शर्त पर अपनी कार्रवाई को रोका। रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में देश के सैनिकों का मनोबल देखा। उन्होंने कहा कि हमारे सैनिकों का मनोबल बेहद ऊंचा है। सैनिक हमारे सेनाओं की रक्षा के साथ ही हमारे स्वाभिमान की रक्षा कर रहे हैं।

**टीएमसी सांसदों ने किया वॉक आउट :** इससे पहले जब उच्च सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे दोबारा शुरू हुई तो उपसभापति हरिवंश ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा की जाएगी और उन्होंने सदस्यों से इस मुद्दे की संवेदनशील प्रकृति के प्रति सचेत रहने का आग्रह किया। तृणमूल कांग्रेस के नेता डेरेक ओ ब्रायन ने व्यवस्था का प्रश्न उठाने की कोशिश की, लेकिन हरिवंश ने यह कहते हुए इसकी अनुमति नहीं दी कि यह चर्चा के विषय से संबंधित नहीं है।

टीएमसी सांसदों ने एसआईआर के खिलाफ नारे लगाए और कुछ सांसद वेल में भी आ गए। जब सभापति ने विपक्षी सांसदों को बोलने की अनुमति नहीं दी तो टीएमसी और कुछ अन्य विपक्षी गठबंधन इंडिया के दलों के सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

## प्रियंका गांधी का सरकार पर तीखा वार, कहा - पहलगाम में लोगों को भगवान के भरोसे छोड़ दिया गया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर मंगलवार को लोकसभा में सरकार पर तीखा प्रहार किया और कहा कि इतने बड़े आतंकी हमले के बावजूद गृह मंत्री अमित शाह अपने पद पर बने हुए हैं, क्योंकि इस सरकार में श्रेय लिया जाता है, जिम्मेदारी नहीं ली जाती।

उन्होंने लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा में भाग लेते हुए यह आरोप लगाया कि पहलगाम में लोग सरकार के भरोसे गए थे, लेकिन सरकार ने उन्हें भगवान भरोसे छोड़ दिया। प्रियंका गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह पर पलटवार करते हुए कहा, ह्यह्यगृह मंत्री ने मेरी मां के आंसू के बारे में बात की। मेरी मां के आंसू तब गिरे, जब उनके पति को आतंकवादियों ने शहीद किया। उस समय वह मात्र 44 साल की थीं। अब मैं 26 लोगों की बात कर रही हूं क्योंकि मैं उनका दर्द जानती हूं।"

उन्होंने सदन में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के भाषण का उल्लेख करते हुए कहा, ह्यह्यरक्षा मंत्री का लंबा भाषण था। दूसरे भाषण भी सुने। मेरे मन में बार-बार यह बात आई कि सारी बातें कर लीं, इतिहास का पाठ पढ़ा दिया, लेकिन यह नहीं बताया गया कि 22 अप्रैल, 2025 को हमला कैसे हुआ और क्यों हुआ।"

## 'आप बिन बुलाए जाकर गले मिलते हैं', खरगे



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने 2015 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की औचक पाकिस्तान यात्रा पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि हम पाकिस्तान की निंदा करते रहे हैं, लेकिन हम इधर निंदा करते हैं और आप जाकर उनकी दावत में उन्हें गले लगा लेते हैं।

आप खुद ही गलती करते हैं और दूसरों को पाठ पढ़ाते हैं। ऐसा नहीं करना चाहिए। हमारी पार्टी का देश के विकास में बड़ा योगदान है, लेकिन आपके पास एक भी ऐसी उपलब्धि नहीं है। आप पंडित नेहरू को बहुत कोसते हैं। सच बताइए। गृह मंत्री पहलगाम हमले से पहले जम्मू कश्मीर में सुरक्षा हालात की समीक्षा करने गए थे और उन्होंने कहा था कि कश्मीर में सुरक्षा ट्रिपल कर दी गई है, अगर ऐसा है तो पहलगाम में आतंकी कहां से आए?

उन्होंने कहा कि हमले से सिर्फ तीन दिन पहले प्रधानमंत्री ने अपना कश्मीर दौरा रद्द कर दिया था। मैंने पहले भी पूछा था, लेकिन जवाब नहीं मिला कि क्या आपके पास आतंकी हमले की सूचना थी? 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हमला हुआ, लेकिन सरकार कह रही है कि जो कुछ हमने किया, वो सही किया।

## 'किसके दबाव में हुआ सीजफायर, जनता जवाब मांगती है?' : अखिलेश



**नई दिल्ली।** लोकसभा में मंगलवार को ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के दौरान सपा सुप्रीमो और सांसद अखिलेश यादव ने सरकार से तीखे सवाल किए हैं। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर पर हम और आप यहां बैठकर चर्चा कर रहे हैं, यही सरकार की सबसे बड़ी विफलता है। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृतकाल का ढिंढोरा पीटा जा रहा है और विदेशी ताकतों की ओर से कहा जा रहा है कि युद्ध हमने रुकवाया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे इंटेलिजेंस फेलियर को दिखाता है।

अखिलेश यादव ने कहा कि जिस तरह से ऑपरेशन सिंदूर का ढोल पीटा गया, वह भी निंदनीय है। उन्होंने पूछा कि सरकार जवाब दे कि पाकिस्तान के पीछे कौन सा देश खड़ा है। हमें चीन से उतना ही खतरा है, जितना पाकिस्तान से है। अखिलेश ने कहा कि पाकिस्तान से अगर हमें खतरा है तो चीन राक्षस है। उन्होंने कहा कि सरकार की नीतियां, फैसले ऐसे हैं जो सीमाओं का अतिक्रमण करने वाले चीन की व्यापारिक गतिविधियों में मदद करने वाले हैं।

अखिलेश यादव ने लोकसभा में कहा, 'किसके दबाव में हुआ सीजफायर, जनता जवाब मांगती है?'

अखिलेश ने कहा कि हम एक तरफ आत्मनिर्भर भारत की बात करते हैं, लेकिन किस पर निर्भर होते जा रहे हैं, यह सोचने की बात है। उन्होंने कहा कि हमें चीन से भी सावधान रहना पड़ेगा।

## पीएम नरेंद्र मोदी ने सड़क हादसे में कांवरियों की मौत पर जताया दुख



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को झारखंड के देवघर में हुए सड़क हादसे में कम से कम छह लोगों की मौत पर गहरा शोक व्यक्त किया। उन्होंने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने मंगलवार को यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर लिखा कि झारखंड के देवघर में हुआ सड़क हादसा अत्यंत दुखद है। इस हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। ईश्वर उन्हें यह दुःख सहन करने की शक्ति दें। साथ ही, मैं सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

पुलिस के अनुसार, मंगलवार को देवघर जिले में कांवड़ यात्रा कर रहे श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक बस की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कम से कम पांच श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। संथाल परगना क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक एस. के. सिन्हा ने बताया कि यह घटना आज सुबह हुई। उन्होंने कहा कि बस और ट्रक की टक्कर में छह कांवरियों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य घायल हैं।

**सीएम सोरेन ने भी जताया दुख** : वहीं, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस घटना पर दुख जताते हुए घायलों को हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने एक्स पर लिखा कि आज सुबह देवघर जिला अंतर्गत मोहनपुर प्रखंड के जमुनिया चौक के पास बस दुर्घटना में श्रद्धालुओं की मृत्यु की अत्यंत दुःखद सूचना प्राप्त हुई। जिला प्रशासन राहत, बचाव कार्य एवं घायलों के इलाज की व्यवस्था में जुटा हुआ है।

**सासंद निशिकांत दुबे ने 18 लोगों की मौत का किया दावा :** हालांकि देवघर के सांसद और भारतीय जनता पार्टी के नेता निशिकांत दुबे ने दावा किया कि इस हादसे में कम से कम 18 लोगों की जान गई है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि मेरे लोकसभा क्षेत्र देवघर में श्रावण मास में कांवर यात्रा के दौरान बस और ट्रक की टक्कर में 18 श्रद्धालुओं की मृत्यु हो गई। बाबा बैद्यनाथ जी उनके परिजनों को यह दुःख सहने की शक्ति दें। गौरतलब है कि इस वर्ष कांवर यात्रा 10 जुलाई से शुरू हुई है।

## सुकमा में 'ऑपरेशन मानसून' के तहत सुरक्षाबलों ने की कार्रवाई


**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में मंगलवार सुबह से ही सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ जारी है। बताया जा रहा है कि यह मुठभेड़ ऐसे समय पर हो रही है, जब नक्सली अपना शहीदी सप्ताह मना रहे हैं। जिसे लेकर पहले से ही अलर्ट जारी किया गया था।



शहीदी सप्ताह के दौरान नक्सलियों द्वारा किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की आशंका के मद्देनजर सुरक्षाबलों ने क्षेत्र में सघन सर्चिंग अभियान तेज कर दिया था। इसी क्रम में चलाए जा रहे ऑपरेशन मानसून के तहत मंगलवार सुबह डीआरजी और सीआरपीएफ के जवान सर्चिंग पर निकले थे, तभी जंगलों के भीतर घात लगाए बैठे नक्सलियों ने फायरिंग शुरू कर दी। जवानों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की, जिससे नक्सलियों को भारी नुकसान पहुंचने की सूचना है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, मुठभेड़ अभी भी जारी है और सुरक्षाबलों की ओर से पूरे क्षेत्र को घेर लिया गया है। मुठभेड़ स्थल को लेकर फिलहाल किसी भी प्रकार की स्पष्ट जानकारी साझा नहीं की जा रही है, क्योंकि सुरक्षा कारणों के चलते स्थान की गोपनीयता बनाए रखना प्राथमिकता है।

## चमत्कार या अंधविश्वास! : शिव मंदिर में नंदी महाराज की मूर्ति ने पिया दूध, उमड़ी भीड़



**बुलंदशहर।** बुलंदशहर के अनूपशहर क्षेत्र के गांव गरहरा स्थित शिव मंदिर पर नंदी महाराज की मूर्ति द्वारा दूध पीने का दावा किया गया। नाग पंचमी की पूर्व संध्या पर नंदी को दूध पिलाने के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान लोगों ने वीडियो बनाकर भी वायरल किया। इसमें नंदी महाराज की मूर्ति दूध पीते हुए दिखाई दे रही है।

शिव मंदिर पर नंदी महाराज की मूर्ति को दूध पिलाने के लिए वीडियो में देखा जा सकता है कि मंदिर में भारी भीड़ जमा है।

लोग हाथों में चम्मच लेकर नंदी महाराज की प्रतिमा को दूध पिला रहे हैं। भक्तों का कहना है कि नंदी महाराज वास्तव में दूध पी रहे हैं। हालांकि, वीडियो में दूध मूर्ति के पास गिरता हुआ भी नजर आ रहा है।

इस दौरान मंदिर में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी नंदी बाबा की जय और हर हर महादेव के जयकारे लगा रहे हैं। इस दृश्य से मंदिर का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है। लोग इसे भगवान शिव की कृपा और चमत्कार मान रहे हैं।

गांव निवासी सत्येंद्र चौहान प्रधान ने बताया कि सोमवार शाम बजे बजे गांव के कुछ बच्चे शिवालय में पूजा करने गए थे। उन्होंने वहां नंदी सहित पूरे शिव परिवार को दूध चढ़ाया। इसी दौरान नंदी दूध पीने लगे।

यह बात पूरे गांव में फैल गई। इसके बाद शिवालय पर भारी संख्या में ग्रामीण इकट्ठा हो गए। सभी लोग नंदी जी को दूध पिलाने लगे। इस शिवालय का निर्माण 15 साल पहले गांव निवासी स्व. धर्मवीर के द्वारा कराया गया था। देर रात 11 बजे तक नंदी महाराज ने दूध पिया। इस दौरान ग्रामीणों की भीड़ लगी रही।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...






### सावन का महीना दे रहा था आस्था से जुड़ी टेंशन

## मंत्री जी को मिल गया जापान यात्रा के लिए एक्सटेंशन




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को सावन के महीने में भोले बाबा की कृपा से एक बड़ी राहत मिली है। खास बात ये है कि इस राहत में एक बड़ी चाहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रही है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को जापान यात्रा के लिए एक्सटेंशन मिल गया है।

गौरतलब है कि जापान में होने वाले वर्ल्ड एक्सपो के लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चयनित किया था। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा इस विश्वस्तरीय मेले में उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व भारत देश की ओर से करते। यह एक बड़ी उपलब्धि है। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को 26 जुलाई को रवाना होना था।

सूत्र बताते हैं कि यह कार्यक्रम मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगे बढ़ा दिया है। कार्यक्रम एक्सटेंशन और इससे जुड़ी पूरी वजह बेहद रोचक है। दरअसल कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा सनातन धर्म के प्रति बेहद आस्थावान हैं और कई वर्षों से वो सावन माह में विशेष पूजा अर्चना करते हैं, अभिषेक करते हैं और पूरे सावन माह में नित्य यह क्रिया चलती है।

घंटों तक पूजा-पाठ होता है और इस पूरे सावन माह में उनका सात्विक आहार होता है। भूमि पर शयन होता है और आध्यात्मिक विहार होता है। सावन माह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कार्यक्रम बनाया और इसके लिए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को चुना।

मुख्यमंत्री का आदेश है और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने इसे शिरोधार्य किया, लेकिन सूत्र बताते हैं कि यहां एक बड़ा धर्म संकट सावन माह और देवादिदेव महादेव की आस्था को लेकर आ गया था। सावन के महीने में जापान जाना है तो खानपान की सात्विकता पर असर पड़ेगा और सबसे बड़ी बात ये कि देवादिदेव महादेव की पूजा अर्चना का जो कार्यक्रम प्रतिवर्ष सावन माह में कई दशकों से चल रहा है उस पर असर पड़ जाता।

सूत्र बताते हैं कि कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से निवेदन किया और उन्हें आस्था से जुड़ा पूरा मामला बताया।

अब मामला शिवभक्ति का है, सनातन का है और आस्था का है, तो योगी आदित्यनाथ से बेहतर इस बात को कौन समझ सकता है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री ने इस पूरे मामले में एक बड़ी राहत प्रदान की और उन्होंने जापान यात्रा का ही एक्सटेंशन कर दिया।

इस यात्रा के एक्सटेंशन होते ही कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की सारी टेंशन ही खत्म हो गई। अब सावन माह में कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा पूरी तरह शिवभक्ति में तल्लीन होकर पूजा पाठ कर सकते हैं। वो एक बड़ी टेंशन से बाहर आ गये हैं और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन पर बड़ी कृपा की है और जापान यात्रा का कार्यक्रम आगे बढ़ाया गया है।

### नगर निगम ने दिया शिकायतकर्ता मर्सिडीज चालक को जवाब

## गाजियाबाद में हुआ है सबसे कम जलभराव

### शिकायत करने वाले को बताया पेशेवर शिकायतकर्ता




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** वर्षा के कारण जलभराव हुआ और इस जलभराव में शहर में कई स्थानों पर पानी भरा, लेकिन एक स्थान पर जब कार में पानी गया तो कार के मलिक अमित किशोर ने नगर निगम पर दावा ठोंक दिया। उन्होंने कहा कि जलभराव के कारण उनकी मर्सिडीज कार खराब हो गई। जब उन्होंने कार को सर्विस स्टेशन भेजा तो पता चला कि पांच लाख रुपए का नुकसान हुआ। कार स्वामी अमित किशोर ने नगर आयुक्त को ही पांच लाख रुपए के लिये नोटिस भेज दिया। अब नगर निगम ने भी इस नोटिस का जवाब दिया है। नगर निगम द्वारा दिये गये जवाब में कहा गया है कि अमित किशोर एक पेशेवर शिकायतकर्ता है, जिन्होंने निजी कारणों से नगर निगम की छवि को धूमिल करने का प्रयास किया है। अमित किशोर ने अपनी शिकायत में जो गाड़ी दिखाई है उसका नंबर दिल्ली है और फोटो में साफ दिखाई दे रहा है कि पानी टायर तक भी नहीं है। गाड़ी की खराबी बरसात के कारण जलभराव से हुई है यह किसी भी विशेषज्ञ द्वारा प्रमाणित नहीं किया गया। शहर में अन्य ऐसा कोई प्रकरण भी सामने नहीं आया है। नगर निगम ने अपने जवाब में कहा है कि रिकॉर्ड बारिश के चलते गाजियाबाद नगर निगम की टीम ने अथक प्रयासों से शहर को जलभराव से निजात दिलाने का प्रयास किया है। समय से नालों की सफाई ड्रोन मोनिटरिंग के साथ कराई है। फिर भी बढ़ते शहरीकरण तथा क्षमता से ज्यादा बिल्डिंग बनने से नालों पर प्रेशर बनता है। इस समस्या से निजात दिलाने हेतु भी नगर निगम तत्पर रहता है। नगर निगम ने अपने जवाब में ये भी कहा है कि गाजियाबाद नगर निगम जलकल विभाग द्वारा मानसून के मौसम में चिन्हित जलभराव के हॉटस्पोट स्थान पर जल निकासी हेतु पंपसेट की व्यवस्था की हुई है। इसीलिये एनसीआर में गाजियाबाद शहर में सबसे कम जलभराव हुआ है तथा उपकरणों के माध्यम से समय रहते ही जलनिकासी की गई है। गाजियाबाद नगर निगम लगातार मानसून के चलते जल निकासी कार्यवाही को शिघ्रता से कर रहा है।

## नगर निगम के स्पष्टीकरण पर अमित किशोर ने दी प्रतिक्रिया



गाजियाबाद, करंट क्राइम। नगर निगम द्वारा मेरी शिकायत को 'पेशेवर शिकायतकर्ता' बताकर व्यक्तिगत हमला करना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि यह इस बात का प्रमाण है कि जब कोई नागरिक वास्तविक मुद्दे उठाता है, तो संस्थाएं जवाबदेही के बजाय उसे बदनाम करने का प्रयास करती हैं।



1. गाड़ी की दिल्ली नंबर की बात करना विषयांतर है झ क्या दिल्ली नंबर की गाड़ी गाज़ियाबाद में नहीं चल सकती? यह मुद्दे से ध्यान हटाने की एक कमजोर कोशिश है।
2. गाड़ी टायर तक पानी में नहीं थी, यह दावा भी गलत है — गाड़ी के बंद होने के समय जलस्तर लगातार बढ़ रहा था और जल का प्रवेश इंजन व इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम में हुआ, जिसकी पुष्टि ऑथोराइज्ड सर्विस सेंटर द्वारा दी गई रिपोर्ट से की जा सकती है।
3. नगर निगम द्वारा कहा गया कि विशेषज्ञ द्वारा प्रमाणित नहीं किया गया — तो क्या निगम खुद को न्यायालय मानता है? क्या हर नागरिक अपनी क्षति का एफिडेविट लेकर निगम के पास आए?
4. शहर में अन्य कोई मामला नहीं आया — यह बयान तथ्यों से परे है। सोशल मीडिया, स्थानीय समाचार, और नागरिकों की शिकायतें जलभराव की सच्चाई को बयां करती हैं। गाज़ियाबाद के कई क्षेत्र जलमग्न रहे और लोग परेशान हुए।
5. यदि ड्रोन मॉनिटरिंग और समय पर नाले की सफाई हुई होती, तो गाड़ियाँ सड़कों पर बंद क्यों हो रही होतीं? वीडियो और तस्वीरें खुद गवाही देती हैं कि जलभराव कितना भयावह था।
6. निगम का यह स्वीकार करना कि क्षमता से ज्यादा बिल्डिंग्स बनने से नालों पर प्रेशर है, यह गंभीर शहरी नियोजन की विफलता को दशार्ता है — और इस तरह के अवैध निर्माण व नालों पर हुए अतिक्रमण की ज़िम्मेदारी भी नगर निगम और संबंधित विकास प्राधिकरण की ही बनती है।

मैं एक जागरूक नागरिक होने के नाते अपने संवैधानिक अधिकारों के तहत सवाल पूछ रहा हूँ। यदि कोई संस्थान जवाबदेही से भागेगा और व्यक्तिगत आरोप लगाएगा, तो मैं कानूनी माध्यमों से अपने अधिकारों की रक्षा करना जानता हूँ। यह लड़ाई सिर्फ मेरी नहीं है — यह हर उस नागरिक की है जो भ्रष्टाचार, लापरवाही और सिस्टम की विफलता से पीड़ित है।



## संपादकीय

# पहचान का आधार

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में वोटर लिस्ट की समीक्षा के लिए आधार और वोटर आईडी को मान्य दस्तावेज मानकर बड़ी राहत दी है, जिससे प्रक्रिया आसान होने की उम्मीद है। सुप्रीम कोर्ट ने बिहार में वोटर लिस्ट की समीक्षा के लिए आधार कार्ड और वोटर आईडी को भी मान्य दस्तावेजों की लिस्ट में शामिल करने का आदेश देकर आम लोगों को बड़ी राहत दी है। उम्मीद की जा सकती है कि इससे आम जनता के लिए प्रक्रिया आसान होगी और उसकी चिंताएं दूर होंगी।

गतिरोध दूर होगा यानी रक्को लेकर विरोध और गतिरोध का माहौल बना हुआ है। विपक्ष का आरोप है कि रिवीजन के बहाने खास तबकों के लोगों को वोटिंग के अधिकार से वंचित किया जा रहा है। संसद के मॉनसून सत्र में भी इसे लेकर खासा हंगामा हो चुका है। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट की इस सुनवाई पर सभी की निगाहें थीं। मान सकते हैं कि अदालत के आदेश से गतिरोध टालने में मदद मिलेगी।

मुश्किल हल होगी सुप्रीम कोर्ट ने पिछली सुनवाई के दौरान आधार और वोटर कार्ड के साथ ही राशन कार्ड को भी दस्तावेजों की लिस्ट में शामिल करने का सुझाव दिया था। हालांकि चुनाव आयोग यह कहकर इससे बच रहा था कि इन डॉक्युमेंट्स पर भरोसा नहीं किया जा सकता। लेकिन, इसकी वजह से बिहार के आम लोगों के सामने परेशानी खड़ी हो गई थी। पूरे राज्य से खबरें आईं कि किस तरह डॉक्युमेंट्स बनवाने के लिए सरकारी विभागों में लंबी-लंबी लाइनें लग रही हैं - लोगों में डर है कि उनका वोटिंग अधिकार खत्म हो जाएगा। आधार और वोटर कार्ड आज के सबसे बुनियादी दस्तावेजों में हैं। ऐसे में शीर्ष अदालत के रुख से लोगों की मुश्किल काफी हद तक हल हो सकती है।

परेशानी समझी जाए शीर्ष अदालत ने ड्राफ्ट वोटर लिस्ट पर रोक न लगाकर कहा कि आखिरी सुनवाई की तारीख मंगलवार को तय की जाएगी। जब इतनी बड़ी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, तो उसे बीच में रोकना किसी समस्या का समाधान नहीं है। जरूरत है कि प्रॉसेस के दौरान आने वाली दिक्कतों को समझा और दूर किया जाए। चुनाव आयोग कह भी चुका है कि किसी के वोटिंग अधिकार को बिना पूरा मौका दिए खत्म नहीं किया जाएगा। मतदाताओं के पास वोटर लिस्ट में जगह बनाने का अब भी मौका है। राजनीतिक असर एसआईआर को लेकर इतना विरोध इसलिए है क्योंकि इससे जुड़ी कई आशंकाएं विपक्ष व आम लोगों के मन में हैं। दूसरी बात यह कि आगे चलकर यह प्रक्रिया पूरे देश में होनी है। चुनाव आयोग के ही आंकड़े, कि बिहार में 66 लाख नाम वोटर लिस्ट से कट सकते हैं, को लिया जाए, तो इसका राजनीतिक असर बहुत गहरा होगा। इस डर और आशंका को पारदर्शिता और भरोसे से ही दूर किया जा सकता है।

# बैंकों में बिना दावे की जमा राशि 67003 करोड़ रुपये पर पहुंची

## अकेले एसबीआई की हिस्सेदारी 29% फीसदी

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, 30 जून, 2025 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 58,330.26 करोड़ रुपये की अघोषित जमा राशि थी, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों में 8,673.72 करोड़ रुपये की अघोषित जमा राशि थी। सरकार ने इस बारे में सदन में क्या बताया है।

सरकार ने सोमवार को संसद में बताया गया कि निजी ऋणदाताओं सहित बैंकों के पास बिना दावा की गई जमा राशि जून 2025 के अंत तक 67,003 करोड़ रुपये थी। इनमें सबसे अधिक हिस्सेदारी भारतीय स्टेट बैंक की करीब 29 प्रतिशत है। भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार, 30 जून, 2025 तक सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में 58,330.26 करोड़ रुपये की अघोषित जमा राशि थी, जबकि निजी क्षेत्र के बैंकों में 8,673.72 करोड़ रुपये की अघोषित जमा राशि थी।



वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में एक लिखित उत्तर में बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में एसबीआई 19,329.92 करोड़ रुपये की अघोषित जमा राशि के साथ शीर्ष पर है। इसके बाद पंजाब नेशनल बैंक 6,910.67 करोड़ रुपये और केनरा बैंक 6,278.14 करोड़ रुपये के अघोषित जमा के साथ तीसरे स्थान पर है।

उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र के बैंकों में आईसीआईसीआई बैंक के पास सबसे अधिक 2,063.45 करोड़ रुपये की अघोषित जमा राशि है। इसके बाद एचडीएफसी बैंक के पास 1,609.56 करोड़ रुपये और एक्सिस बैंक के पास 1,360.16 करोड़ रुपये की अघोषित जमा राशि है। दावा न की गई जमाराशियों तक पहुंच बढ़ाने और खोज प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए आरबीआई ने जनता के लिए केंद्रीकृत वेब पोर्टल (दावा न की गई जमाराशियों से जुड़ी सूचनाओं तक पहुंच का प्लेटफॉर्म) शुरू किया है।

# एनएसडीएल से एसबीआई समेत पांच निवेशकों को 39900% लाभ

## 2-2 रुपये में खरीदे थे शेयर, अब 800 में बेचने की तैयारी

**नई दिल्ली।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि (एनएसडीएल) आईपीओ से 4,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। इस आईपीओ में एसबीआई 40 लाख शेयर बेच रहा है। एसबीआई व आईडीबीआई बैंक एनएसडीएल के शुरूआती संस्थागत निवेशक हैं। इस इश्यू में जिन निवेशकों ने शुरूआत में निवेश किया था, उनको इस समय भारी लाभ मिल रहा है।





देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई व आईडीबीआई जैसे संस्थान एनएसडीएल के प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम यानी आईपीओ में 39,900 फीसदी फायदा कमाएंगे। इन दोनों ने दो-दो रुपये में शेयर खरीदे थे। अब इश्यू में इसे 800-800 रुपये में बेचेंगे। कंपनी का आईपीओ 30 जुलाई को खुलेगा। हालांकि, इस इश्यू से कंपनी को कोई भी पैसा नहीं मिलेगा, क्योंकि सारे पहले के संस्थागत निवेशक हिस्सा बेच रहे हैं। नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि (एनएसडीएल) आईपीओ से 4,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। इस आईपीओ में एसबीआई 40 लाख शेयर बेच रहा है। एसबीआई व आईडीबीआई बैंक एनएसडीएल के शुरूआती संस्थागत निवेशक हैं। इस इश्यू में जिन निवेशकों ने शुरूआत में निवेश किया था, उनको इस समय भारी लाभ मिल रहा है। सेबी के नियमों के अनुसार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और आईडीबीआई बैंक जैसी कंपनियों को किसी भी संस्थान में हिस्सा 15 प्रतिशत से कम रखना होता है। इसके परिणामस्वरूप यह रणनीतिक विनिवेश हो रहा है।

# अमेरिका को स्मार्टफोन निर्यात में भारत ने चीन को पीछे छोड़ा

## विनिर्माण में हुई 240 फीसदी की वृद्धि

**नई दिल्ली।** कैनालिस की रिपोर्ट के अनुसार भारत, चीन को पीछे छोड़कर अमेरिका को स्मार्टफोन का शीर्ष निर्यातक बन गया है। अप्रैल-जून की अवधि में चीन में असेंबल किए गए अमेरिकी स्मार्टफोन शिपमेंट का हिस्सा घटकर 25 प्रतिशत रह गया। वहीं 'मेड-इन-इंडिया' स्मार्टफोन की कुल मात्रा में साल-दर-साल 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भारत 2025 की दूसरी तिमाही में पहली बार अमेरिका को भेजे जाने वाले स्मार्टफोन के लिए सबसे बड़ा विनिर्माण केंद्र बनकर उभरा है। वहीं टैरिफ वार्ता के बीच चीन की हिस्सेदारी घटी है। रिसर्च फर्म कैनालिस ने अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी है।

### टैरिफ अनिश्चितता के बीच अमेरिका में स्मार्टफोन शिपमेंट में एक प्रतिशत की वृद्धि हुई



कैनालिस एक के शोध से पता चला है कि चालू कैलेंडर वर्ष की दूसरी तिमाही में अमेरिका में स्मार्टफोन शिपमेंट में 1 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। टैरिफ संबंधी चिंताओं के बीच विक्रेताओं ने डिवाइस इन्वेंट्री को आगे बढ़ाना जारी रखा है। इसमें कहा गया है कि चीन के साथ वार्ता के अनिश्चित परिणाम ने आपूर्ति श्रृंखला के पुनर्निर्धारण को तेज कर दिया है।

### चीन में असेंबल किए गए स्मार्टफोन का निर्यात घटा

अप्रैल-जून की अवधि में चीन में असेंबल किए गए अमेरिकी स्मार्टफोन शिपमेंट का हिस्सा घटकर 25 प्रतिशत रह गया, जो एक वर्ष पूर्व 61 प्रतिशत था। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस गिरावट का अधिकांश हिस्सा भारत द्वारा उठाया गया है।

### मेड इन इंडिया स्मार्टफोन में 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई

वहीं 'मेड-इन-इंडिया' स्मार्टफोन की कुल मात्रा में साल-दर-साल 240 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और अब यह अमेरिका में आयातित स्मार्टफोन का 44 प्रतिशत हिस्सा है, जो कि 2024 की दूसरी तिमाही में स्मार्टफोन शिपमेंट का केवल 13 प्रतिशत हिस्सा था।

# एआई और मशीन लर्निंग नौकरियों में 42 फीसदी की वृद्धि

## जून 2025 में नियुक्ति गतिविधि में आया जोरदार उछाल

**नई दिल्ली।** आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मासिक आर्थिक समीक्षा में बताया गया है कि एआई और मशीन लर्निंग भूमिकाओं में जून 2025 में 42 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई। वहीं फ्रेशर हायरिंग में 11 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। साथ ही ईपीएफओ ने मई 2025 के दौरान शुद्ध सदस्य जोड़ने में सर्वकालिक उच्च रिकॉर्ड दर्ज किया। एआई और मशीन लर्निंग से जुड़ी नौकरियों में सालाना आधार पर 42 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आर्थिक मामलों के विभाग द्वारा जारी मासिक आर्थिक समीक्षा में यह जानकारी दी गई है।





### जीसीसी में हुई नौ प्रतिशत की वृद्धि

रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) में भी नियुक्ति में 9 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि हुई है। यह वैश्विक सेवा वितरण में भारत की बढ़ती भूमिका को दर्शाता है। इसमें आगे बताया गया कि जून 2025 मे फ्रेशर हायरिंग में 11 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। यह नए प्रवेशकों के लिए बेहतर रोजगार अवसरों की ओर इशारा करती है। बीमा क्षेत्र में हुई सबसे अधिक वृद्धि भार्ती में बढ़तरी का नेतृत्व बीमा क्षेत्र ने किया। इसमें सालाना आधार पर 32 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई। इसके बाद आतिथ्य एवं पर्यटन क्षेत्र में 21 प्रतिशत, बीपीओ और आईटीईएस में 19 प्रतिशत, रियल एस्टेट में 16 प्रतिशत, तेल एवं गैस/बिजली में 15 प्रतिशत, स्वास्थ्य सेवा में 11 प्रतिशत और शिक्षा व एफएमसीजी में 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। भारत के विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों ने भी रोजगार सृजन में योगदान जारी रखा। क्रय प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) का रोजगार उप-सूचकांक लगातार 16वें महीने विस्तार क्षेत्र में रहा।

### व्हाइट कॉलर नियुक्तियों में आया मजबूत उछाल

समग्र श्रम बाजार स्थिर रहा और व्हाइट कॉलर नियुक्तियों में मजबूत उछाल आया। इसे वार्षिक आधार पर दोहरे अंकों की वृद्धि का समर्थन प्राप्त हुआ। वहीं औपचारिक रोजगार सृजन में तेजी जारी रही। विभाग ने नौकरी जॉबस्पीक जून 2025 रिपोर्ट का भी हवाला दिया। इसमें भारत के व्हाइट कॉलर जॉब बाजार में पुनरुद्धार की पुष्टि की गई है। जून 2025 में नियुक्ति सूचकांक बढ़कर 2,854 हो गया। इससे विभिन्न क्षेत्रों, शहरों और अनुभव स्तरों में नियुक्ति गतिविधि में 10.5 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज की गई।

### ईपीएफओ ने मई 2025 में 20 लाख नए सदस्य जोड़े

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने मई 2025 के दौरान शुद्ध सदस्य जोड़ने में सर्वकालिक उच्च रिकॉर्ड दर्ज किया। ईपीएफओ ने मई में 20.06 लाख सदस्य जोड़े। यह अप्रैल 2018 में पेरोल डेटा पर नजर रखने के बाद से उच्चतम मासिक आंकड़ा है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- न्यू जर्सी के सालेम में 28 जून, 1820 को टमाटर को 'परीक्षण पर' रखा गया था। एक न्यायालय के सामने, रॉबर्ट जॉनसन ने यह साबित करने के लिए टमाटर का एक ढेर खाया कि वे जहरीले नहीं थे। देखने वालों की भीड़ उसके मरने के लिए इंतजार कर रही थी। लेकिन वह मारा नहीं।
- टमाटर के बीज होते हैं और वनस्पति पौधे से उगते हैं, इसे फल के रूप में वर्गीकृत किया जाता है, न कि एक सब्जी के रूप में।
- टमाटर मूल रूप से पेरू देश से आए थे।
- साल 2013 में, एक यूके कंपनी ने 'टॉमटाटो' का एक पौधा बनाया जिसके उपरी भाग पर टमाटर उगते हैं और मिटटी के नीचे आलू।
- ठंडी जलवायु वाली जगहों में टमाटर आमतौर पर ग्लासहाउस (ग्रीनहाउस) में उगाए जाते हैं।
- दुनिया भर में टमाटर की लगभग 10,000 किस्में हैं।
- एक जापानी कंपनी ने एक रोबोट का आविष्कार किया जो आपकी पीठ पर बैठता है और आपको दौड़ते समय टमाटर भी खिलाता है।
- आपको जानकर आश्चर्य होगा की टमाटर पीले, गुलाबी, बैंगनी, काले और यहां तक कि सफेद भी हो सकते हैं।

## राशिफल

**मेष:** जटिल समस्याओं का समाधान मिलेगा. प्रोफेशनली आज का दिन अच्छा रहेगा। नौकरीपेशा जातकों को कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**वृष:** आज अचानक कहीं से धन लाभ होगा. आपका आर्थिक पक्ष मजबूत होगा। आज आप किसी जरूरतमंद की मदद करेंगे। पारिवारिक सुख की प्राप्ति होगी।

**मिथुन:** धन लाभ हो सकता है। ऐसे कार्य से लाभ होगा जो लंबे समय तक चलेगा। आज कई दिलचस्प विचार और योजनाएँ बन सकती हैं।

**कर्क:** आज आपको व्यापार और आर्थिक प्रयासों से लाभ मिलेगा। पुराने निवेश से भी आपको लाभ मिल सकता है। आप अपनी पसंद की जगह पर जा सकते हैं।

**सिंह:** आज आपका समय परिवार वालों के साथ बीतेगा. घर की कोई बड़ी जिम्मेदारी आपको मिल सकती है। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम से खुश रहेंगे।

**कन्या:** ऑफिस या बिजनेस में नई पहल करने का समय है. आप अपने काम में नए प्रयोग करने में सफल हो सकते हैं। आपके लिए दिन ठीक है।

**तुला:** आप में से कुछ लोगों के लिए व्यस्तता भरा हो सकता है। कार्यस्थल पर चीजें अच्छी तरह से आगे बढ़ेंगी, लेकिन आपको कुछ अतिरिक्त जिम्मेदारी दी जा सकती है।

**वृश्चिक:** आपके भौतिक सुखों में वृद्धि होगी। पैसा कमाने का कोई शार्टकट तरीका अपनाएंगे। जीवन साथी को खुश करने के लिए आप उन्हें कोई अच्छा तोहफा देंगे।

**धनु:** आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। कुछ ऐसी बातें या बातें सामने आ सकती हैं, जिनसे आने वाले दिनों में आपको बड़ा फायदा होगा।

**मकर:** आज का दिन आपके लिए मिलाजुला है. इस समय आप जो भी कहें, बहुत सोच-समझकर कहें। कार्यस्थल पर जल्दबाजी में निर्णय लेने से बचें।

**कुंभ:** आप किसी काम में माता-पिता की सलाह लेंगे। यह सलाह आपके लिए फायदेमंद होगी। सामाजिक कार्य करने के लिए आज आपके मन में कई नए विचार आएंगे।

**मीन:** आज आप ताकत और धैर्य से काम लेंगे। आप दिन भर पैसों के बारे में सोचते रहेंगे। जमीन-जायदाद के कार्यों से धन मिलने के भी योग हैं। दैनिक कार्य अधिक होंगे।

## चुटकुले

पप्पू को एक भिखारी मंदिर के बाहर मिला
भिखारी :- भगवान के नाम पर कुछ दे दो साहब, चार दिन से कुछ नहीं खाया
पप्पू 500 का नोट निकालते हुए बोला 400 खुले है?
भिखारी :- हां, जी साहब है।
पप्पू :- तो पहले उससे कुछ लेकर खा ले।

---

पप्पू ने ब्लड टेस्ट करवाया
रिजल्ट आया A+
पप्पू ये सोच कर बड़ा अचरज हुआ कि
साली कामयाबी तो रग-रग में दौड़ रही है
तो स्कूल में C क्यों मिलता रहा

---

मेरा इंसानियत पर से भरोसा तब उठ गया जब
शादी में इक खूबसूरत लड़की मुझसे कहने लगी : -
क्या आप डांस करना पसंद करोगे...?
मैने खुश होते हुए कहा : - हां-हां क्यों नही
इतने में लड़की बोली : - तो फिर आपकी कुर्सी
मैं ले जाऊँ...?





प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# पांचवें टेस्ट से शार्दुल-अंशुल होंगे बाहर? बुमराह-सिराज पर थकान हावी, इन चारों की दावेदारी मजबूत



**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड टेस्ट को शानदार ढंग से ड्रॉ कराने के बावजूद भारतीय टीम को पांचवें टेस्ट में आदर्श प्लेइंग-11 की तलाश है। पांच मैचों की सीरीज का अंतिम टेस्ट 31 जुलाई से द ओवल में खेला जाएगा। भारतीय टीम प्रबंधन गेंदबाजी संयोजन में परिवर्तन कर सकता है। बल्लेबाजी में आठवें क्रम तक गहराई देने के लिए एक विशुद्ध गेंदबाज को बाहर बिठाने के निर्णय पर सवाल उठ रहे हैं।

मैनचेस्टर टेस्ट के बाद भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग का दौरा किया। इस दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा, 'दुनिया के इस हिस्से का दौरा करना हमेशा से ही रोमांचक और चुनौतीपूर्ण रहा है, क्योंकि दोनों देशों के बीच का इतिहास कभी नहीं भुलाया जा सकता। हमने हर बार इंग्लैंड दौरे पर मिले समर्थन की कद्र की है। पिछले पांच हफ्ते दोनों देशों के लिए वाकई रोमांचक रहे हैं। मुझे यकीन है कि जिस तरह का क्रिकेट खेला गया, उसने हर क्रिकेट प्रेमी को गौरवान्वित किया है। दोनों टीमों ने खूब जोर लगाया और हर मिनट संघर्ष किया। हमारे पास एक हफ्ता और है। एक आखिरी कोशिश करनी है। अपने देश को गौरवान्वित करने का एक आखिरी मौका देना है। जय हिंद।'

### शार्दुल का फॉर्म चिंता का विषय

चोटिल ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की जगह शामिल किए शार्दुल ठाकुर से सिर्फ 11 ओवर फिंकवाने की भी आलोचनाएं हो रही हैं। शार्दुल इस सीरीज में गेंदबाजी से दमखम दिखाने में भी नाकाम रहे हैं। उनकी गेंदबाजी को विपक्षी बल्लेबाज आसानी से खेल रहे हैं। वर्ष 2014 के बाद पहली बार 600 से ज्यादा रन के बाद बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव का अंतिम एकादश में लिए जाने का दावा और मजबूत हुआ है। चाइनामैन कुलदीप को विकेट लेने वाला गेंदबाज माना जाता है, लेकिन इस सीरीज में पिछले 40 दिन से वह एक नेट गेंदबाज ही बनकर रह गए हैं।

### अंशुल छाप छोड़ने में रहे नाकाम

अपने डेब्यू टेस्ट में निष्प्रभावी रहे युवा तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को पांचवें टेस्ट में आराम दिया जा सकता है और उनकी जगह फिटनेस हासिल कर चुके आकाशदीप या प्रसिद्ध कृष्णा को लिया जा सकता है। कुलदीप की तरह इस दौरे में सिर्फ यात्री बनकर रह गए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज की हाथ की चोट भी अब ठीक हो गई है। उनका भारत के लिए टेस्ट डेब्यू का सपना भी पूरा हो सकता है। हालांकि भारतीय हेड कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि उनके सभी गेंदबाज फिट हैं, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज पर थकान हावी है।

### कुलदीप का दावा मजबूत

शार्दुल को आराम देकर चार विशुद्ध गेंदबाज लिए जा सकते हैं। अब यह चौथा गेंदबाज कुलदीप हो सकते हैं क्योंकि ओवल में पिच स्पिन को मदद कर सकती है या फिर एक तेज गेंदबाज लिया जा सकता है। भारतीय टीम प्रबंधन पहले खुद स्वीकार कर चुका है कि वह कुलदीप को एकादश में लेना चाहते हैं, लेकिन आठवें नंबर तक बल्लेबाजी के कारण ऐसा नहीं कर पा रहे हैं।

# सीएम योगी-फडणवीस ने शतरंज विश्व कप जीतने पर दिव्या को बधाई दी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर की दिव्या देशमुख को फिडे महिला शतरंज विश्व कप 2025 जीतने के लिए बधाई दी है। फडणवीस ने कहा कि यह इस शहर और राज्य के लोगों के लिए गर्व का क्षण है। वहीं, सीएम योगी ने एक्स पर अपने बधाई संदेश में कहा, 'महिला विश्वकप की विजेता दिव्या देशमुख एवं उपविजेता हम्पी कोनेरु को हार्दिक बधाई! आप दोनों भारत का गर्व हैं। आपकी खेल प्रतिभा और ऐतिहासिक उपलब्धि ने वैश्विक पटल पर मां भारती का मानवर्धन किया है।आप दोनों के उज्ज्वल भविष्य हेतु अनंत मंगलकामनाएं!'

फडणवीस ने नागपुर में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि महाराष्ट्र सरकार 19 वर्षीय ग्रैंडमास्टर को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा, 'यह बड़ी खुशी का क्षण है कि नागपुर और महाराष्ट्र की बेटी दिव्या देशमुख ने महिला विश्व कप जीता है और साथ ही ग्रैंडमास्टर का नॉर्म भी हासिल किया है। वह इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय खिताब जीतने वाली सबसे कम उम्र की शतरंज खिलाड़ी हैं।'

दिव्या ने भारतीय खिलाड़ियों के फाइनल में सोमवार को अनुभवी कोनेरू हम्पी को टाई-ब्रेकर तक चले मुकाबले में हराकर विश्व कप का खिताब जीता। वह शतरंज खिलाड़ी महिला विश्व कप जीतने वाली सबसे कम उम्र की खिलाड़ी बन गईं। फडणवीस ने हम्पी को भी बधाई देते हुए कहा, मैं हम्पी को भी बधाई देना चाहता हूं, क्योंकि वह भी बहुत अच्छी खिलाड़ी हैं। नागपुर और महाराष्ट्र के लोगों के लिए यह बड़े गर्व का क्षण है कि हमारी बेटी (दिव्या देशमुख) इतनी कम उम्र में ग्रैंडमास्टर बन गई है।

इस बीच, दिव्या देशमुख के परिवार के सदस्यों ने उनकी उपलब्धि की सराहना की और कहा कि उन्होंने परिवार, नागपुर, महाराष्ट्र और भारत को गौरवान्वित किया है। इस चैंपियन खिलाड़ी की चाची स्मिता देशमुख ने पत्रकारों से कहा, 'हम बहुत खुश हैं कि दिव्या ने हमारे परिवार, नागपुर और भारत को गौरवान्वित किया है। भारत ने इतने वर्षों बाद यह महिला शतरंज विश्व कप जीता है। हम भगवान को धन्यवाद देना चाहते हैं। उनके माता-पिता की इतने वर्षों की कड़ी मेहनत आखिरकार रंग लाई है।

# मकाऊ ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे सात्विक-चिराग

**नई दिल्ली।** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार भारतीय जोड़ी ने मंगलवार को मलयेशिया के लो हैंग यी और एनजी इंग चियोंग पर सीधे गेम में जीत दर्ज करके मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूनामेंट के पुरुष युगल के दूसरे दौर में प्रवेश किया। बीडब्ल्यूएफ विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में फिर से जगह बनाने वाले सात्विक और चिराग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलयेशियाई जोड़ी को केवल 36 मिनट में 21-13, 21-15 से हराया।



### सात्विक और चिराग को मिले चार अंक

इससे पहले सात्विक और चिराग ने शानदार शुरूआत करते हुए 6-1 की बढ़त बना ली थी। मलयेशियाई जोड़ी ने अंतर को 10-9 कर दिया था, लेकिन भारतीय जोड़ी ने फिर से खेल पर अपना नियंत्रण बनाया और पहला गेम 21-13 से जीत लिया। दूसरे गेम में मलयेशियाई जोड़ी ने 13-14 तक दबाव बनाए रखा, लेकिन भारतीय जोड़ी ने 17-13 से बढ़त बना ली और फिर लगातार चार अंक हासिल करके मैच अपने नाम कर लिया। इस बीच मेइराबा लुवांग मैसनाम मुख्य ड्रॉ के लिए क्वालिफाई करने में नाकाम रहे और क्वालिफिकेशन के दूसरे दौर में चीन के झू झुआन चेन से 15-21, 21-17, 13-21 से हार गए।

### अनमोल और तस्नीम भी जीतीं

महिला एकल में अनमोल खरब और तस्नीम मीर अपने-अपने क्वालिफिकेशन मैच जीतकर मुख्य ड्रॉ में पहुंच गईं। अनमोल ने अजरबैजान की कीशा फातिमा अजाहरा को 21-11, 21-13 से, जबकि तस्नीम ने थाईलैंड की टिडाप्रोन क्लेबीसुन को 21-14, 13-21, 21-17 से हराया। तस्नीम का मुख्य ड्रॉ के पहले दौर में चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त चेन यू फेई से, जबकि अनमोल का थाईलैंड की दूसरी वरीयता प्राप्त बुसानन ओंगबामरुंगफान से मुकाबला होगा।

### त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद बाहर हुई

त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला युगल जोड़ी चीनी ताइपे की लिन जियाओ मिन और पेंग यू वेई की जोड़ी से एक घंटे में 21-16, 20-22, 15-21 से हारकर पहले दौर में ही बाहर हो गई। पुरुष युगल में डिंगकू सिंह कोंथौजम और अमान मोहम्मद ने हांगकांग के लॉ चेउक हिम और येउंग शिंग चोई को 21-18, 21-17 से हराकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश किया जहां उनका सामना हमवतन पृथ्वी कृष्णमूर्ति रॉय और साई प्रतीक के से होगा। थांड्रांगिनी हेमा नागेंद्र बाबू और प्रिया कोंजेंगबाम की मिश्रित युगल जोड़ी भी मुख्य ड्रॉ में पहुंच गई है। उनका मुकाबला अब थाईलैंड की फुवानत होरबानलुएकिट और फुंगफा कोरपथाम्माकिट से होगा।

# खत्म हुआ मंधाना का दबदबा, वनडे में दुनिया की नंबर एक बल्लेबाज बनीं स्किवर ब्रंट



**मुंबई।** आईसीसी ने महिलाओं की ताजा वनडे रैंकिंग जारी कर दी है। इंग्लैंड की कप्तान नेट स्किवेर ब्रंट ने भारत की स्मृति मंधाना को पछाड़कर आईसीसी महिला वनडे खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। भारत के खिलाफ हाल ही में सीरीज में 160 रन बनाने वाली स्किवेर ब्रंट दूसरी बार नंबर वन बनी हैं। इससे पहले वह 2023 में रैंकिंग में शीर्ष पर रही थीं।

मंधाना ने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों में 115 रन बनाए थे, लेकिन वह रैंकिंग में एक पायदान नीचे आ गईं। स्किवेर ब्रंट के अब 731 अंक हैं, जबकि मंधाना के 728 अंक हैं। भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर 21वें से 11वें नंबर पर खिसक गईं, जबकि मध्यक्रम की बल्लेबाज जेमिमा रॉड्रिग्स 15वें से 13वें स्थान पर आ गईं। शीर्ष पांच में ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों का दबदबा है। तीसरे नंबर पर दक्षिण अफ्रीका की एल वोल्वाड्र्ट हैं। वहीं, चौथे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया की एलिस पेरी और एलिसा हीली हैं। वनडे गेंदबाजों में दीप्ति शर्मा चौथे स्थान पर बनी हुई हैं, जबकि इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन तीसरे और ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर और मेगान शट शीर्ष दो स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया की ही किम गर्थ पांचवें स्थान पर हैं। वनडे ऑलराउंडर्स में ऑस्ट्रेलिया की एश्ले गार्डनर शीर्ष पर हैं। वहीं, वेस्टइंडीज की हेली मैथ्यूज दूसरे, दक्षिण अफ्रीका की मारिजाने कैप तीसरे, भारत की दीप्ति शर्मा चौथे और न्यूजीलैंड के एमेलिया कर पांचवें स्थान पर हैं।

# ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज का सूपड़ा साफ किया, पांचवां टी20 भी तीन विकेट से जीता, ड्वारशुइस-ओवेन चमके



**ऑस्ट्रेलिया।** ऑस्ट्रेलिया ने पांचवां और आखिरी टी20 मैच तीन विकेट से जीतकर वेस्टइंडीज दौरे का अंत 8-0 से जीत के साथ किया है। कंगारुओं ने टेस्ट सीरीज 3-0 से जीती और इसके बाद पांचों टी20 भी अपने नाम किए। ऑस्ट्रेलिया की इस जीत में टॉस ने भी अहम भूमिका निभाई। लगातार आठवीं बार टॉस जीतने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज को पहले बल्लेबाजी के न्योता दिया। वेस्टइंडीज की टीम दो गेंद बाकी रहते 170 रन पर ऑलआउट हो गई। शिमरोन हेटमायेर ने 52 और शेरफान रदरफोर्ड ने 35 रन बनाए। ऑस्ट्रेलिया ने 18 गेंद बाकी रहते सात विकेट पर 173 रन बना लिए और मैच जीत लिया। मिचेल ओवन ने 37 रन और कैमरन ग्रीन ने 32 रन की पारी खेली।

### ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज दौरे का अंत 8-0 से किया

वेस्टइंडीज दौरे पर ऑस्ट्रेलिया ने पहले तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेली। बारबाडोस ने पहला टेस्ट कंगारुओं ने 159 रन से अपने नाम किया। फिर ग्रेनाडा में दूसरा टेस्ट ऑस्ट्रेलिया ने 133 रन से जीता। फिर जमैका में तीसरे डे-नाइट टेस्ट को भी कंगारुओं ने 176 रन से अपने नाम किया। इसके बाद दोनों टीमों के बीच पांच मैचों की टी20 सीरीज खेली गई। जमैका में शुरूआती दो टी20 खेले गए। पहला मैच ऑस्ट्रेलिया ने तीन विकेट से और दूसरा टी20 आठ विकेट से अपने नाम किया। इन दो मैचों के बाद रसेल ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया। फिर अगले तीन टी20 सेंट किट्स में खेले गए। तीसरे टी20 को ऑस्ट्रेलिया ने छह विकेट से चौथे टी20 को तीन विकेट से और आखिरी टी20 को भी तीन विकेट से अपने नाम किया। इस तरह वेस्टइंडीज दौरे का अंत ऑस्ट्रेलिया ने 8-0 के साथ किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज की शुरूआत खराब रही थी। 64 रन तक टीम ने चार विकेट गंवा दिए थे। ब्रैंडन किंग 11 रन, कप्तान शाई होप नौ रन और कीसी कार्टी एक रन बनाकर आउट हुए। वहीं, शेरफेन रदरफोर्ड ने 17 गेंद में छह चौके और एक छक्के की मदद से 35 रन की पारी खेली। इसके बाद हेटमायर ने होल्डर के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी निभाई। होल्डर 15 गेंद में दो चौके और एक छक्के की मदद से 20 रन की पारी खेली। रोमारियो शेफर्ड कुछ खास नहीं कर सके और आठ रन बनाकर आउट हुए। हेटमायर ने अर्धशतक लगाया। वह 31 गेंद में तीन चौके और तीन छक्कों की मदद से 52 रन बनाकर आउट हुए। मैथ्यू फोर्डे ने 15 रन, अल्जारी जोसेफ ने तीन और अकील हुसैन ने 11 रन की पारी खेली। ऑस्ट्रेलिया की ओर से बेन ड्वारशुइस ने तीन विकेट लिए, जबकि नाथन एलिस को दो विकेट मिले। एरॉन हार्डी, शॉन एबॉट, ग्लेन मैक्सवेल और एडम जैम्पा को एक-एक विकेट मिला।

171 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम की शुरूआत भी खराब रही। 25 रन पर टीम ने तीन विकेट गंवा दिए थे। ग्लेन मैक्सवेल खाता नहीं खोल सके। जोश इंग्लिस 10 रन और कप्तान मिचेल मार्श 14 रन बनाकर आउट हुए।

# काफा नेशंस कप खेल सकता है भारत

## ताजिकिस्तान-उजबेकिस्तान में होना है टूर्नामेंट



**नई दिल्ली।** भारतीय फुटबॉल टीम ताजिकिस्तान और उजबेकिस्तान में 28 अगस्त से आठ सितंबर के बीच काफा नेशंस कप खेल सकती है। चूंकि मलेशिया के विकल्प के तौर पर मध्य एशियाई फुटबॉल संघ ने भारत को खेलने का न्योता दिया है। आठ टीमों के टूनार्मेंट से मलेशिया ने खिलाड़ियों की उपलब्धता और लॉजिस्टिक्स का हवाला देकर 15 जुलाई को नाम वापिस ले लिया था। यह टूनार्मेंट फीफा की अंतरराष्ट्रीय विंडो में नहीं पड़ता जो एक से नौ सितंबर के बीच है।

ओमान को भी इसमें भाग लेने के लिये न्योता मिला है। टूनार्मेंट का पहला सत्र 2023 में हुआ था जिसमें ईरान विजयी रहा था। समझा जाता है कि एआईएफएफ ने न्योता स्वीकार कर लिया है, लेकिन आयोजकों की ओर से अंतिम पुष्टि का इंतजार है। एआईएफएफ के एक अधिकारी ने कहा, 'अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है लेकिन हम इंतजार कर रहे हैं।'

अगर भारत खेलता है तो नए मुख्य कोच के साथ यह पहला टूनार्मेंट होगा। नए कोच की नियुक्ति एक अगस्त को होने वाली है। इस टूनार्मेंट में ईरान, अफगानिस्तान, ताजिकिस्तान, उजबेकिस्तान, किर्गीस्तान और तुर्कमेनिस्तान भाग ले रहे हैं।

# 'सातवें सम्मिट पर्वतारोहण अभियान' के लिए पर्वतारोही कबक यानो रवाना, राज्यपाल ने सौंपा तिरंगा

**इम्फाल।** अरुणाचल प्रदेश की पर्वतारोही कबक यानो को उनके सातवें सम्मिट माउंटेनियरिंग अभियान के लिए सोमवार को राजभवन, ईटानगर से राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी पारनाइक (सेनि) ने औपचारिक रूप से रवाना किया गया। इस अवसर पर राज्य के खेल एवं युवा मामलों के मंत्री केंटो जीनी भी उपस्थित रहे। राज्यपाल ने कबक यानो को भारत का ध्वज और अरुणाचल प्रदेश का प्रतीक चिन्ह अंकित सेरेमोनियल आइस ऐक्स सौंपा और उनके अभियान के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की। राज्यपाल ने इस अवसर को साहस, दृढ़ निश्चय और सीमाओं से परे सपने देखने वाली भावना का उत्सव बताया। उन्होंने कहा कि विश्वभर में बहुत ही कम लोग ऐसे हैं जिन्होंने सातों महाद्वीपों की सर्वोच्च चोटियों पर चढ़ने की चुनौती स्वीकार की है, और कबक यानो का यह निर्णय असाधारण प्रेरणा का प्रतीक है।




राज्यपाल ने कहा, कबक यानो अरुणाचल प्रदेश की जनता का आशीर्वाद, नई पीढ़ी के सपने और राज्य की अडिग, शांतिपूर्ण व अजेय भावना अपने साथ लेकर जा रही हैं। दुनिया को एक अरुणाचली बेटी की ताकत, गरिमा और दृढ़ता का परिचय देना अब उनके हाथ में है। इस अवसर पर, माउंट एवरेस्ट पर सफल चढ़ाई के लिए कबक यानो को राज्यपाल ने विशेष सम्मान लैंड ऑफ राइजिंग सन प्लाक प्रदान किया और उन्हें राज्य की प्रेरणास्त्रोत घोषित किया। राज्य के खेल मंत्री केंटो जीनी ने कहा कि राज्य सरकार खेलों, विशेषकर साहसिक खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए लागू प्रोत्साहन योजनाओं, खेल नीति और शिक्षा व रोजगार में आरक्षण की जानकारी दी। इस कार्यक्रम में खेल एवं युवा मामलों के सचिव अबू तायेंग, खेल निदेशक टाडर आपा, कामले ज़िले के वरिष्ठ नागरिक और युवा प्रतिभागियों की उपस्थिति रही।

# 'ब्रुक को गेंदबाजी दो या हार्मिसन-फ्लिंटॉफ को...', अश्विन ने की इंग्लैंड के दोहरे मापदंड की आलोचना

**मुंबई।** पूर्व भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चौथे टेस्ट को निर्धारित समय से पहले खत्म करने की इंग्लैंड की कोशिशों के लिए उनके दोहरे मापदंड की कड़ी आलोचना की है। इस विवाद पर क्रिकेट जगत ने भारत के मैच जारी रखने के फैसले का भरपूर समर्थन किया है। रविवार को मैच के आखिरी घंटे में उस समय अजीब स्थिति पैदा हो गई, जब मेजबान टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने भारतीय बल्लेबाजों को ड्रॉ की पेशकश की। तब जडेजा 89 रन और वॉशिंगटन सुंदर 80 रन बनाकर खेल रहे थे और उन्होंने इस प्रस्ताव को ठुकरा दिया। इससे इंग्लैंड के कप्तान निराश हो गए। स्टोक्स ने बाद में कहा कि उन्होंने यह प्रस्ताव इसलिए दिया था क्योंकि वह अपने थके हुए मुख्य गेंदबाजों के चोटिल होने का जोखिम नहीं उठाना चाहते थे।





अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'क्या आपने दोहरा मापदंड शब्द सुना है? उन्होंने पूरे दिन आपके गेंदबाजों को खेला, उनका सामना किया और अचानक जब वे शतक के करीब पहुंचते हैं तो आप मैच खत्म करना चाहते हैं? भारतीय बल्लेबाज ऐसा क्यों करें? उन्होंने सुबह से आपके सभी गेंदबाजों का सामना किया और मैच ड्रॉ पर पहुंचा दिया। उन्होंने कड़ी मेहनत की है और आप चाहते हैं कि वे अपना शतक पूरा नहीं करें?'

जब जडेजा और सुंदर दोनों ने अपने शतक पूरे किए तो भारत ने अंततः ड्रॉ की पेशकश स्वीकार कर ली। यह सुंदर का पहला टेस्ट शतक था। अश्विन और दिग्गज सुनील गावस्कर दोनों ने कहा कि वे भी भारत को अनिवार्य 15 ओवर बल्लेबाजी करने देते। अश्विन ने कहा, 'अगर मैं भारतीय कप्तान होता तो मैं पूरे 15 ओवर खेलता।' गावस्कर ने 'सोनी स्पोर्ट्स' पर यही बात दोहराई। उन्होंने कहा, 'मैं उनसे बल्लेबाजी करते रहने और टीम को पूरे 15 ओवर तक मैदान पर बनाए रखने के लिए कहता।'

जब इंग्लैंड के खिलाड़ी जडेजा को घेरे हुए थे तब स्टोक्स ने व्यंग्यात्मक लहजे में कहा था, 'क्या आप हैरी ब्रुक (कामचलाऊ गेंदबाज) के खिलाफ टेस्ट शतक लगाने वाले हैं?' स्टोक्स के इस बयान पर भी अश्विन ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा, 'आप पूछते हैं- आप हैरी ब्रूक के खिलाफ शतक बनाना चाहते हैं? उन्हें शतक बनाना है और इसके लिए आप चाहे स्टीव हार्मिसन को ले आएं या एंड्रयू फ्लिंटॉफ को...किसी भी गेंदबाज को ले आइए, उन्होंने कोई आपत्ति नहीं है। ब्रुक को लाना आपका फैसला था, हमारा नहीं।' अश्विन ने कहा, 'ये टेस्ट रन हैं, शतक कमाया जाता है, तोहफे में नहीं मिलता। सुंदर और जडेजा दोनों इसके हकदार थे।'

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज ब्रैड हैडिन ने भी इंग्लैंड की खराब खेल भावना की आलोचना की। हैडिन ने 'विलोटॉकपॉडकास्ट' पर कहा, 'भारत ने आखिरी दिन जबरदस्त संघर्ष दिखाया। फिर अचानक ऐसी स्थिति आ गई कि इंग्लैंड ने कहा कि वे जीत नहीं सकते तो चलिए खेल रोक देते हैं क्योंकि इंग्लैंड अब खेलना नहीं चाहता। भारत ने जो किया वह मुझे पसंद आया, उन्हें जब तक चाहें तब तक मैदान पर टिके रहने का अधिकार है। उन्हें शतक बनाने का अधिकार था। सिर्फ इसलिए कि मैच इंग्लैंड के पक्ष में नहीं गया और उन्हें मनचाहा नतीजा नहीं मिला, अचानक वे (इंग्लैंड) नाराज हो गए और कुछ भी बोलने लगे। तो अगर चीजें अचानक इंग्लैंड के पक्ष में नहीं जातीं तो यह बाकी लोगों की समस्या है। भारत को शाबासी।' इंग्लैंड के पूर्व कप्तान एलिस्टेयर कुक ने भी भारत के फैसले का समर्थन किया और कहा कि यह लय ओवल में होने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच से पहले मेहमान टीम के लिए फायदेमंद साबित होगी जिसे उन्हें सीरीज को बराबर करने के लिए जीतना होगा। बीबीसी के 'टेस्ट मैच स्पेशल' पर कुक ने कहा, 'जडेजा और सुंदर के लिए यह सही फैसला था कि वे लय बनाए रखें जिससे उन्हें फायदा होगा। जब आप 140 ओवर तक मैदान पर रहते हैं तो आप निराश हो जाते हैं। इसलिए यह इंग्लैंड के लिए थोड़ी निराशा की बात है लेकिन मैं समझता हूं कि भारत ने ऐसा क्यों किया।' एक अन्य पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भी ड्रॉ की पेशकश स्वीकार नहीं करने के बाद ब्रुक से गेंदबाजी कराने के स्टोक्स के फैसले को 'मूर्खतापूर्ण' करार दिया। हुसैन ने कहा, 'मुझे इससे कोई समस्या नहीं थी। इंग्लैंड को इससे समस्या लग रही थी। उनके गेंदबाज थोड़े थके हुए थे इसलिए वे मैच खत्म करना चाहते थे लेकिन दोनों खिलाड़ियों ने 80 और 90 के स्कोर के आसपास पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत की और वे टेस्ट मैच में शतक लगाना चाहते थे।

# बारिश ने गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्रों की खोली पोल

## बुलंदशहर रोड में प्लांट के अंदर घुसा विषैला पानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पिछले कुछ दिनों से हो रही मुसलाधार बारिश ने गाजियाबाद के औद्योगिक क्षेत्रों में व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। औद्योगिक क्षेत्रों की नालियों को साफ करने और सडकों की मरम्मत के लिए राज्य सरकार की ओर से करोडों रुपए आवंटित किए गए लेकिन मॉनसून की बारिश ने एक बार फिर से औद्योगिक क्षेत्रों में किए गए विकास कार्यों की पोल खोल दी। पिछले दो तीन दिनों से हो रही बारिश से ज्यादातर औद्योगिक क्षेत्रों में जलभराव हो गया है।

बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र का तो बुरा हाल है। पिछले कई महीने से यहां नाला निर्माण का काम चल रहा है। लेकिन यूपीसीडा के अधिकारियों की लापरवाही कहिए या ठेकेदारों की मनमर्जी, बरसात से पहले नाला निर्माण का काम पूरा नहीं होने से सभी सडकों पर भारी जल भराव हो गया है। इस क्षेत्र के तमाम उद्यमी व कामगार जल भराव की समस्या से त्रस्त हो गए है। प्रोग्रेसिव स्टंपिंग प्राइवेट लिमिटेड के सामने विकराल स्थिति बन गई है। प्लांट के अंदर तक विषैला पानी जाने से पेड़ तक नष्ट हो गए तथा कंपनी का कार्य बाधित हो रहा है।



कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने यूपीसीडा के अधिकारियों को अनेकों बार अवगत कराया, कोई सुनने वाला नहीं है। अब इस दूषित जल भराव से संक्रामक रोगों के व्याप्त होने का खतरा मंडरा रहा है। मंगलवार को रही सही कसर बारिश ने पूरी कर दी। औद्योगिक प्रतिष्ठान भारी वर्षा की चलते बंद कर दिया गया।

वहीं, मोहन नगर स्थित आनंद औद्योगिक क्षेत्र में भी पाइपलाइन डालने का काम दो महीने से चल रहा है। पाइप लाइन डालने के बाद सडक की मरम्मत नहीं की गई। बारिश में इस सडक पर जगह जगह बडे बडे गडढे बन गए है। कविनगर औद्योगिक क्षेत्र का भी यही हाल है। यहां ज्यादातर सडकों पर जलभराव है। लोहा मंडी में भी जलभराव की समस्या से व्यापारी परेशान है। लोहा मंडी में हाल ही सडकों की मरम्मत का काम किया गया लेकिन बारिश ने हकीकत को सामने ला दिया। जगह-जगह जलभराव देखा गया।

# अनधिकृत कॉलोनी पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

## मोदीनगर के कदराबाद और आबिद पुर मानकी में की गई कार्रवाई





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण/अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निर्देशों के क्रम में मंगलवार को प्रभारी प्रवर्तन जोन-02 के नेतृत्व में संजीव कुमार राणा पुत्र राजपाल सिंह, अनुराग चौधरी/सर्वेश कुमार, अंशिका चौधरी/सर्वेश कुमार, केशव पुत्र कंवरपाल, ग्राम-कादराबाद, रोरी फाटक के आगे, मोदीनगर, के खसरा संख्या-728, पर लगभग 9000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल, संजीव त्यागी पुत्र स्व मंगल सेन, ग्राम-आबिदपुर मानकी, मोदीनगर, के खसरा सं0-142, पर लगभग 4500 वर्ग मी0, क्षेत्रफल में स्थल पर निरीक्षण के समय निर्माणकर्ता द्वारा/कॉलोनाईजर द्वारा कोई स्वीकृत तलपट मानचित्र/साक्ष्य अभिलेख नही दिखाए गये। बताये गये नाम के अनुसार चालानी कार्यवाही की जा रही है। एवं राजेन्द्र सिंह पुत्र नाहर सिंह, अनिरूद्ध कुमार व नितिन चौधरी पुत्रगण स्व0 सतेन्द्रपाल सिंह, चन्द्रवीर पुत्र सरदार, एवं अन्य हितबद व्यक्ति, ग्राम-बिसोखर, मोदीनगर, गाजियाबाद के खसरा सं0-335/2 एवं अन्य, पर लगभग 17000 वर्ग मी0, क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों की बाउण्ड्रीवाल, सड़क, नाली आदि के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकर्ताओं/निर्माणकर्ताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गयी कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनी में भूखण्डों का क्रय/विक्रय न करें। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय सहायक अभियन्ता एवं अवर अभियन्ता एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

# मेरा युवा भारत गाजियाबाद ने किया सरकार की प्रमुख योजनाओं पर आधारित कार्यशाला का आयोजन

## लघु, कुटीर एवं मध्यम उद्योग योजनाओं से युवा बनें रोजगार सृजनकर्ता : देवेन्द्र कुमार






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद स्थित जेएमएस इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मसूरी में मंगलवार को मेरा युवा भारत गाजियाबाद द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में सरकारी योजनाओं पर आधारित एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत में उपनिदेशक देवेंद्र कुमार ने कार्यशाला की पृष्ठभूमि एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसका उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे आयुष्मान भारत,मुद्रा योजना,डिजिटल इंडिया, भारत कौशल मिशन,जल जीवन मिशन,स्टैंड अप इंडिया, पीएम विश्वकर्मा योजना आदि के विषय में युवाओं को जागरूक करना है, जिससे वे स्वयं और अपने समुदाय में सामाजिक एवं आर्थिक कल्याण के लिए इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। स्वास्थ्य विभाग गाजियाबाद की ओर से सोनू प्रकाश ने आयुष्मान भारत योजना के तहत पात्रता, लाभ और आवेदन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को 5 लाख तक की निशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं मिलती हैं, और 70 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों को इसमें विशेष लाभ प्राप्त होता है। जिला उद्योग केंद्र, गाजियाबाद से मोहम्मद आतिफ ने बताया कि सरकार द्वारा चलाई जा रही लघु, कुटीर एवं मध्यम उद्योग योजनाओं से युवा स्वरोजगार स्थापित कर न केवल स्वयं को बल्कि अन्य युवाओं को भी रोजगार दे सकते हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे केवल नौकरी की ओर न भागें, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। राजेश जादौन ने मुद्रा योजना की जानकारी दी, जिसमें तीन चरणों में ऋण दिया जाता है।

इसके अतिरिक्त डिजिटल इंडिया और स्टार्टअप इंडिया जैसे अन्य कार्यक्रमों पर भी वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए।कार्यक्रम में प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीण गुप्ता, प्रबंधक डॉ. गौरव शर्मा, अंकिता चौधरी, तन्वी गौड़ और नीलेश शर्मा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर डॉ. प्रवीण गुप्ता ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह अभियान सिर्फ पौधा लगाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हमें उन पौधों की देखभाल कर उन्हें बड़ा पेड़ बनाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए। समापन सत्र में सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कृष्ण कांत तालिब, प्रकाश तिवारी तथा तुषार वर्मा का विशेष योगदान रहा।

# 72 घंटे के भीतर नोएडा में पत्रकारों पर हमले की दूसरी घटना

## सेक्टर-12 में चेन लूटी तो सर्फाबाद में मारा चाकू, एंकाउंटर में आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा, करंट क्राइम।** नोएडा में कुत्ते को बिस्कुट खिलाने जैसे मामूली विषय पर एक पत्रकार पर जानलेवा हमला कर दिया गया। मामला सामने आने के बाद पुलिस ने हमला करने वाले बदमाश को एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया। आरोपी पर हत्या के प्रयास समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। नोएडा के सर्फाबाद गांव में कुत्ते को बिस्कुट खिलाने के मामूली विवाद में पत्रकार पर जानलेवा हमला किया गया। पिछले 72 घंटे के भीतर पत्रकार पर हमले की यह दूसरी घटना है। सोमवार देर शाम एक निजी अखबार के फोटो जर्नलिस्ट प्रमोद शर्मा पर दीपक नामक युवक ने चाकू से



ताबड़तोड़ वार कर दिए। जिससे पत्रकार गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना सेक्टर-113 की पुलिस मौके पर पहुंची और घायल पत्रकार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस हमले के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। मौके पर तमाम वरिष्ठ पुलिस अधिकारी पहुंच गए और साथ ही बड़ी संख्या में पत्रकार जिला अस्पताल में इकट्ठा हो गए। जानकारी के अनुसार प्रमोद शर्मा देर शाम अपने दफ्तर से घर लौटे थे। जैसे ही वह सफार्बाद स्थित अपने घर के बाहर कार में पहुंचे, तभी दीपक ने गाड़ी के खुले शीशे से अंदर हाथ डालते हुए चाकू से हमला कर दिया। इस हमले से प्रमोद शर्मा गंभीर रूप से घायल हो गए, हमले के बाद आरोपी दीपक मौके से फरार हो गया। सफार्बाद चौकी प्रभारी विशाल गुप्ता के नेतृत्व में पुलिस टीमें उसकी तलाश में लगी। देर रात चेकिंग के दौरान एक बाइक सवार को रोकने की कोशिश की गई तो वह भागने लगा और पुलिस पर फायरिंग कर दी।

# अशोक कुमार गोयल के पड़पोते रुद्रांश गोयल ने अपनापन रसोई सेवा का किया शुभारंभ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्रावण माह के मंगलवार के शुभ अवसर पर अशोक कुमार गोयल के 2 वर्षीय पड़पौत्र रुद्रांश गोयल द्वारा हनुमान मंदिर घंटाघर पर भोजन सेवा का शुभारंभ किया गया। सेवा में अशोक कुमार गोयल, सुदेश रनों, अंकुर गोयल, नानक चंद , रेखा गुलाटी, एनके गोयल, मुकेश सिंह कुशवाहा, अशोक शर्मा, रमेश खजांची, रीना गोयल, पलक रानी, रुद्रांश गोयल, विकास ठाकुर आदि ने सेवा में भाग लिया।

# लगातार बारिश से बदला मौसम का मिजाज

## जलभराव से कई जगहों पर जाम, लोग परेशान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर व आसपास में सोमवार देरशाम से जारी बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। पिछले 12 घंटे से कभी तेज तो कभी मध्यम और कभी हल्की बारिश ने पूरे शहर में जलभराव कर दिया है। जगह-जगह जलभराव होने से वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। शहर के अलावा ट्रांस हिंडन एरिया की कॉलोनियों में भी भारी बारिश से जलभराव हो गया है।



एक ओर जहां गर्मी और उमस से परेशान लोगों को सोमवार शाम को हुई बारिश ने राहत दी है। कुछ स्थानों पर हल्की तो कुछ स्थानों पर हुई तेज बारिश से नालों में पानी भर गया है। मंगलवार सुबह से ही आसमान पर हल्के बादल छाए रहे और बारिश होती रही। कई जगहों पर घुटनों तक पानी भर गया है। सोमवार सुबह से ही आसमान पर हल्के बादल छाए रहे। जिसके बाद शाम आते-आते में मौसम में बदलाव हो गया और बारिश से मौसम सुहाना हो गया। सोमवार सुबह के समय का तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया था। मंगलवार को भी बारिश से मौसम तो सुहाना हुआ है लेकिन जलभराव के कारण जगह-जगह लोगों को जाम से परेशानी का सामना करना पडा। गाजियाबाद सहित एनसीआर और देश के अधिकांश हिस्सों में अभी मानसून सक्रिय है। गाजियाबाद, क्रासिंग रिपब्लिक, लाल कुआं, डासना समेत कई स्थानों पर कहीं हल्की और कहीं तेज बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दिलाई।

# सांसद डिंपल यादव पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मौलाना साजिद रशीदी पर सपा कार्यकर्ताओं ने बरसाए थप्पड़

## नोएडा के एक न्यूज चैनल के स्टूडियो की घटना

**नोएडा, करंट क्राइम।** सपा सांसद और अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव पर अभद्र टिप्पणी करने वाले मौलाना साजिद रशीदी को समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने पीट दिया। नोएडा स्थित एक न्यूज चैनेल के डिबेट में मौलाना साजिद रशीदी भाग लेने आए थे। इस दौरान सपा के कई कार्यकर्ता वहां पहुंच गए और मौलाना साजिद रशीदी पर थप्पड़ों की बरसात कर दी। पूरी घटना को किसी ने कैमरे में कैद कर लिया। जैसे ही सपा कार्यकर्ताओं ने थप्पड़ बरसाने लगे, मौलाना साजिद रशीदी ने सिर को नीचे करते हुए वहां से निकल गए। डिबेट के दौरान मौलाना की अचानक हुई पिटाई से सभी हतप्रभ रह गए। बता दें कि मस्जिद में सपा की बैठक को लेकर मौलाना साजिद रशीदी ने सपा सांसद डिंपल यादव पर आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। हालांकि उनकी टिप्पणी पर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कुछ भी नहीं कहा लेकिन एनडीए के सांसदों ने इस घटना के विरोध में संसद के गेट पर प्रदर्शन किया था।



# समाज सेवा हर व्यक्ति का कर्तव्य : रामानंद गोयल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** रामानंद गोयल ने कहा कि समाज सेवा प्रत्येक व्यक्ति को करनी चाहिए। यह प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है। मानव एक सामाजिक प्राणी है। प्राणी इस जगत का सर्वाधिक विकसित जीव है और इस समाज के बिना उसका रहना कठिन ही नहीं, असम्भव है। माता-पिता, भाई-बहन, रिश्तेदारों आदि लोगों को मिलाकर ही इस समाज की रचना होती है। समाज के बिना मानव का पूर्ण रूप से विकास होना सम्भव ही नहीं है, इसलिए मानव को हर कदम पर समाज को आवश्यकता होती है तथा समाज के लोगों के बीच ही हम अपने जीवन का अधिकतर समय व्यतीत करते हैं। हम जिस समाज में रहते हैं, उन्हीं के बीच हम खाते हैं, पीते हैं, जीते हैं व रहते हैं। हमें निस्वार्थ भाव से समाज के लोगों की सेवा, मदद, हित आदि करने चाहिए। इससे पूरे राष्ट्र की व्यवस्था में सुधार किया जा सकता है। समाज सेवा के द्वारा सरकार और जनता दोनों की आर्थिक सहायता की जा सकती है। अपने निकट सम्बन्धियों एवं पड़ोसियों की सेवा करना भी समाज सेवा ही है। आज हमारे देश का भविष्य युवाओं पर निर्भर है, अतः समाज की सेवा करना हर युवा का कर्त्तव्य है। समाज के सेवकों का यह कर्त्तव्य है कि वे सच्चे दिल से समाज की सेवा करें। सच्चे हृदय से की गयी समाज सेवा ही इस देश एवं इस पूरे संसार व समाज का कल्याण कर सकती है।

# संकट मोचक ही संकट हरेंगे : पार्षद नीरज गोयल

## हाउस टैक्स वृद्धि को रोकने के लिए बाबा हनुमान शक्ति देंगे



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बढ़ते हाउस टैक्स को रोकने के लिए सभी पार्षद एकजुट हैं। इसी विषय को लेकर हाईकोर्ट में भी केस चल रहा है। पार्षदों ने 30 जून की बोर्ड बैठक के मिनट्स लेने के लिए भरपूर प्रयास किया लेकिन निगम अधिकारी तमाम बहाने बनाकर नहीं दे रहे हैं। मंगलवार को चौपले पर स्थित हनुमान मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ करना था लेकिन सुबह लगातार बारिश के चलते वार्ड 88 के पार्षद नीरज गोयल ने अपने वार्ड में स्थित बसंती मंदिर में हनुमान चालीसा का पाठ किया। नीरज गोयल ने बताया कि संकट तें हनुमान छुड़ावै। मन क्रम बचन ध्यान जो लावै।। हाउस टैक्स वृद्धि को रोकने के लिए बाबा हनुमान शक्ति देंगे। मुझे उम्मीद है बाबा के आशीर्वाद से जल्दी ही जनता के हित मे निर्णय आयेगा। निगम अधिकारियों की हटधर्मिता जल्दी ही कम होगी।

# रंजिश के चलते परिवार पर हमला

## फायरिंग कर धमकी देने वाला पांचवां आरोपी भी गिरफ्तार, चार पहले से जेल में

**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र के जमालपुर गांव में एक परिवार पर रंजिश के चलते फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने पांचवें आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह घटना करीब एक महीने पहले घटी थी। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी भूरा उर्फ रोहित बंसल को मंगलवार को कोर्ट में पेश करके जेल भेज दिया है। इससे पहले इस मामले में चार अन्य आरोपी पहले ही गिरफ्तार हो चुके हैं।



पीड़ित यशपाल भाटी ने पुलिस में दर्ज कराए मामले में बताया था कि उनके पड़ोसी शिवम उनके भाई से रंजिश रखता है। इसी कारण 19 जून की रात शिवम अपने साथियों के साथ उनके घर के सामने पहुंच गया। आरोपियों ने परिवार को देखकर जान से मारने के इरादे से कई राउंड फायरिंग की।

इस घटना में परिवार के सदस्य बाल-बाल बच गए। पीड़ित का आरोप है कि आरोपियों ने उनके घर के गेट को लोहे की रॉड से क्षतिग्रस्त कर दिया। साथ ही परिवार को जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित परिवार ने शिवम समेत अन्य आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में मामला दर्ज कराया था। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि परिवार पर हमला करने के मामले में अब तक पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

# पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सुप्रसिद्ध हास्य कवि सुरेंद्र शर्मा के जन्मदिन पर पूर्व पार्षद हिमांशु लव ने उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस उपलक्ष पर आयोजित कार्यक्रम में कवि अशोक चक्रधर, अरुण जैमिनी, चिराग जैन तथा कई अन्य कवियों से भी हिमांशु लव ने मुलाकात की। हिमांशु लव ने अपनी इस खुशी को फेसबुक पर साझा किया। हिमांशु लव की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# नीदरलैंड सरकार का बड़ा फैसला, इस्राइली पीएम के दो करीबी मंत्रियों के प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध



**नीदरलैंड ने गाजा में बिगड़ते हालात के बीच दो दक्षिणपंथी इस्राइली मंत्रियों के देश में प्रवेश पर इन प्रतिबंधों और कुछ अन्य कदमों की घोषणा सोमवार देर रात सांसदों को भेजे गए एक पत्र में की गई वेल्डकैंप ने पत्र में लिखा, गाजा में युद्ध रुकना चाहिए। यह प्रतिबंध इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा मंत्री इतामार बेन-ग्वीर और वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच पर लगाया गया है। ये दोनों प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार में अहम सहयोगी हैं**

**हेग ।** दोनों मंत्री यहूदी बस्तियों और गाजा में युद्ध जारी रखने के समर्थक हैं। दोनों वहां के फलस्तीनियों को ह्यस्वेच्छा से पलायनह्ल के लिए प्रोत्साहित करने और यहूदी बस्तियां बसाने के पक्षधर हैं। पिछले महीने ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड और नॉर्वे ने भी इन दोनों मंत्रियों पर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे।

मंगलवार को ब्रसेल्स में यूरोपीय संघ के नेता मिलेंगे और इस्राइल के साथ व्यापार समझौते की समीक्षा करेंगे। नीदरलैंड चाहता है कि इस समझौते के कुछ हिस्सों को निलंबित किया जाए। बेन-ग्वीर और स्मोट्रिच ने प्रतिबंधों पर प्रतिक्रिया दी है। स्मोट्रिच ने सोशल मीडिया पर कहा कि यूरोपीय नेता इस्लामी चरमपंथ के झूठ के सामने झुक रहे हैं और भविष्य में यहूदी शायद यूरोप में भी सुरक्षित न रह सकें।

बेन-ग्वीर ने कहा कि वह अपना काम करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यूरोप में एक यहूदी मंत्री को नापसंद किया जाता है, आतंकियों को आजादी दी जाती है और यहूदियों का बहिष्कार किया जाता है।

अक्तूबर में होने वाले चुनावों से पहले नीदरलैंड की सरकार पर इस्राइल नीति में बदलाव को लेकर दबाव बढ़ रहा है। पिछले हफ्ते देशभर के रेलवे स्टेशनों पर हजारों लोगों ने गाजा में खाने की कमी के खिलाफ बर्तन और चम्मच बजाकर प्रदर्शन किया। सरकार ने यह भी कहा है कि वह नीदरलैंड में इस्राइली राजदूत को तलब करेगी और प्रधानमंत्री नेतन्याहू से गाजा पट्टी में मानवीय स्थिति को जल्द और प्रभावी ढंग से सुधारने के लिए कदम उठाने की मांग करेगी। अंतरराष्ट्रीय दबाव के बाद इस्राइल ने पिछले सप्ताहांत कुछ मानवीय राहत उपायों की घोषणा की, जिनमें युद्धविराम के दौरान राहत सामग्री को विमान से गिराना और पहुंच शामिल है। लेकिन गाजा में रहने वाले लोगों का कहना है कि जमीनी हालात में अब तक कोई बड़ा बदलाव नहीं आया है।

# चीनः कई महिलाओं से संबंध-अवैध संतान और कारों के बेड़े रखने का आरोप



**चीन ।** चीन में कुंगफू की जन्मस्थली कहे जाने वाले बौद्ध मठ- शाओलिन टेंपल को पूरी दुनिया में अहम धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के तौर पर देखा जाता है। हालांकि, इसके मौजूदा प्रमुख शी योंगशिन के खिलाफ चीन की सरकार ने जांच बिठा दी है। योंगशिन, जिन्हें चीन में सीईओ भिक्षु के तौर पर भी जाना जाता है, उन पर वित्तीय गड़बड़ी, धोखाधड़ी, गबन और बौद्ध सिद्धांतों के उल्लंघन के आरोप लगे हैं। 1500 साल पुराने शाओलिन टेंपल के प्रमुख पर इस तरह के आरोपों के बाद दुनियाभर में इसकी चर्चा शुरू हो गई है। ऐसे में यह जानना अहम है कि आखिर शाओलिन टेंपल के प्रमुख शी योंगशिन कौन हैं? उन पर क्या-क्या आरोप लगे हैं और बौद्ध मठ का इस मामले में क्या कहना है? चीन की शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीसी) सरकार इस मामले में योंगशिन पर क्या कार्रवाई कर सकती है? इसके अलावा बौद्ध मठ के प्रमुख रहने के दौरान उनका कार्यकाल कैसे विवादों में घिरता चला गया? आइये जानते हैं... पहले जानें- शाओलिन टेंपल के प्रमुख पर क्या आरोप लगे? बौद्ध भिक्षु पर लगे आरोपों को लेकर शाओलिन टेंपल की तरफ से बयान जारी किया गया है। इसमें मठ ने पुष्टि की है कि शी पर कुछ परियोजनाओं के लिए मिले फंड्स के गलत इस्तेमाल और इन्हें दूसरी जगह पहुंचाने के अलावा मठ के मालिकाना हक वाली संपत्तियों के भी गलत इस्तेमाल के आरोप हैं। इसके अलावा उन पर विदेश में दर्जनों कंपनियां स्थापित करने का भी आरोप लगा है। मठ के मुताबिक, वित्तीय गड़बड़ियों के अलावा योंगशिन पर लंबे समय तक अलग-अलग महिलाओं से अवैध संबंध रखने और कम से कम एक अवैध संतान के पिता बनने के भी आरोप हैं। गौरतलब है कि बौद्ध भिक्षु ब्रह्मचर्य का पालन करते हैं और ऐसे में योंगशिन पर इस तरह के आरोप गंभीर प्रकृति के हैं। मठ की तरफ से कहा गया है कि 59 वर्षीय योंगशिन पर चीन सरकार के कई विभागों ने जांच बिठा दी है।

# बीजिंग में भारी बारिश का कहर, अब तक 30 की मौत

## 80 हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित जगह पर भेजा







**बीजिंग ।** चीन की राजधानी बीजिंग इस समय भीषण बाढ़ और बारिश की चपेट में है। बीते कुछ दिनों से जारी मूसलाधार बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। बीजिंग के नगर निगम बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय के अनुसार अब तक 30 लोगों की जान जा चुकी है, जबकि 80,000 से अधिक लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जानमाल के नुकसान को कम करने के लिए राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

बीजिंग के जिन इलाकों में सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं, उनमें मियुन ज़िला सबसे प्रभावित रहा है। यहां 28 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि यानचिंग जिले में दो लोगों की मौत हुई है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, सबसे अधिक वर्षा मियुन में दर्ज की गई, जो 543.4 मिलीमीटर तक पहुंच गई। इन क्षेत्रों में बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं भी सामने आई हैं।

### सड़कें टूटीं, गांवों में बिजली गुल

भारी बारिश और बाढ़ की वजह से बीजिंग में 31 सड़कों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा 136 गांवों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है। प्रशासन ने लोगों को तेज बहाव वाली नदियों और खतरनाक इलाकों से दूर रहने की चेतावनी दी है। बीजिंग में अभी भी बारिश रुक-रुक कर हो रही है, जिससे हालात और खराब हो सकते हैं।

सतर्कता का उच्चतम स्तर लागू सोमवार रात बीजिंग के नगर बाढ़ नियंत्रण मुख्यालय ने पूरे शहर में बाढ़ आपात प्रतिक्रिया प्रणाली का सबसे ऊंचा स्तर लागू कर दिया। इसका मकसद यह है कि किसी भी आपात स्थिति में तुरंत कार्यवाही की जा सके। नगर प्रशासन द्वारा सभी संबंधित विभागों को सतर्क किया गया है और संवेदनशील इलाकों में राहत दलों को तैनात किया गया है। राष्ट्रपति शी जिनपिंग का निर्देश राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा है कि लापता और फंसे हुए लोगों की हर हाल में तलाश की जाए और संकटग्रस्त क्षेत्रों से लोगों को तुरंत सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। उन्होंने चेतावनी दी कि अधिकारियों को सबसे खराब स्थिति के लिए तैयार रहना चाहिए और हर कदम योजनाबद्ध और वैज्ञानिक तरीके से उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपात प्रतिक्रिया तत्काल शुरू की जाए ताकि लोगों की जान और संपत्ति को पूरी तरह से सुरक्षित किया जा सके। प्रधानमंत्री ली क्यांग ने दिए निर्देश चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग ने भी राष्ट्रीय बाढ़ नियंत्रण अधिकारियों से कहा है कि वे स्थानीय सरकारों को मजबूत और प्रभावशाली जवाब देने में मदद करें। उन्होंने चेतावनी दी कि देश के अन्य हिस्सों में भी मौसम की स्थिति खराब हो सकती है, इसलिए समन्वय के साथ काम किया जाए। नुकसान का आकलन भी शुरू बीजिंग में राहत और बचाव कार्य लगातार जारी हैं। हजारों आपदा राहत कर्मियों को प्रभावित क्षेत्रों में भेजा गया है। बाढ़ से हुए नुकसान का आकलन भी शुरू हो गया है, जिसमें सड़क, बिजली, जल आपूर्ति और आवास जैसे बुनियादी ढांचे की मरम्मत प्राथमिकता है।

# परमाणु निरस्त्रीकरण से उत्तर कोरिया का इनकार

## अमेरिका से बातचीत की पेशकश को ठुकराया




**प्योंगयांग ।** उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन ने एक बयान में अमेरिका के साथ परमाणु निरस्त्रीकरण पर बातचीत करने से साफ इनकार कर दिया है। मंगलवार को एक बयान में किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने कहा कि उत्तर कोरिया के परमाणु संपन्न राष्ट्र होने के दर्जे से इनकार करेगा तो उत्तर कोरिया उसका कड़ा विरोध करेगा।

### अमेरिका ने जताई थी बातचीत की उम्मीद

जनवरी में अपना दूसरा कार्यकाल शुरू होने के बाद से ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के साथ अपने निजी रिश्तों का हवाला दे चुके हैं और उत्तर कोरिया के साथ परमाणु निरस्त्रीकरण पर बातचीत की उम्मीद भी जता चुके हैं। 2018-19 में अमेरिकी प्रतिबंधों के चलते दोनों देशों की बातचीत पटरी से उतर गई थी। इसके बाद उत्तर कोरिया ने परमाणु हथियार बनाए और अपने जखीरे का विस्तार किया। हाल ही में व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने भी एक लेख में कहा कि 'राष्ट्रपति ट्रंप, अभी भी किम जोंग उन से परमाणु निरस्त्रीकरण पर बातचीत के लिए तैयार हैं। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए किम यो जोंग ने कड़े शब्दों में कहा कि ये बात समझ ली जानी चाहिए कि साल 2025, न तो 2018 है और न ही 2019। उत्तर कोरिया के परमाणु संपन्न देश के दर्जे को नकारने की किसी भी कोशिश को सिरे से खारिज किया जाएगा।'

उत्तर कोरियाई नेता की बहन ने माना कि उनके भाई किम जोंग उन और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के बीच अच्छे रिश्ते हैं, लेकिन अगर दोनों के रिश्तों को उत्तर कोरिया के परमाणु निरस्त्रीकरण के औजार की तरह देखा जाएगा तो इसे एक मजाक ही कहा जाएगा। उन्होंने कहा कि 'अगर अमेरिका इस बदली हुई परिस्थिति को स्वीकार नहीं कर सकता तो अमेरिका और उत्तर कोरियाई नेताओं की बैठक सिर्फ एक उम्मीद बनकर रह जाएगी।

# फर्निचर से बची जान, चश्मदीदों ने बताया खौफनाक मंजर



**न्यूयॉर्क ।** अमेरिका के न्यूयॉर्क में सोमवार की शाम को मिडटाउन मैनहट्टन की एक गगनचुंबी इमारत में अचानक हुई गोलीबारी से अफरा-तफरी मच गई। घटना में कुल पांच लोगों की मौत हो गई, जिनमें एक न्यूयॉर्क पुलिस अधिकारी और खुद हमलावर भी शामिल है। हमलावर की पहचान 27 वर्षीय शेन तामुरा के रूप में हुई है, जो लास वेगास का रहने वाला था। उसने पहले बिल्डिंग की लॉबी में पुलिस अफसर पर गोली चलाई और फिर 345 पार्क एवेन्यू की 33वीं मंजिल तक चला गया। वहां वह एक ऑफिस में छिप गया।

चश्मदीदों ने बताया डरावना मंजर गोलीबारी के बाद लोग डर के मारे इधर-उधर छूपने लगे। ऐसे में अपना काम खत्म कर घर जाने की तैयारी कर रहे शाद साकिब ने उस पल के भयावह मंजर को बताया। उन्होंने कहा कि अचानक एक ऐलान हुआ कि सभी लोग वहीं रुकें और कहीं न जाएं। पहले तो किसी को समझ नहीं आया।

# डेल्टा एयरलाइंस का पायलट गिरफ्तार, बच्चों के साथ यौन शोषण के पांच मामलों में है आरोपी




**सैन फ्रांसिस्को ।** अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को एयरपोर्ट पर शनिवार रात एक चौंकाने वाली घटना सामने आई जब डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट लैंड होते ही पायलट को गिरफ्तार कर लिया गया। 34 वर्षीय पायलट रुस्तम भगवागर को बच्चों के यौन शोषण के गंभीर आरोपों के चलते गिरफ्तार किया गया है। मामले में कॉन्ट्रा कोस्टा काउंटी शेरिफ कार्यालय के अनुसार, भगवागर पर दस साल से कम उम्र के बच्चे के साथ शारिरिक शोषण के पांच मामलों में आरोप लगाए गए हैं। इस मामले की जांच अप्रैल में शुरू हुई थी जब एक बच्चे के साथ यौन अपराध की शिकायत दर्ज कराई गई थी।

शनिवार को फ्लाइट नंबर 2809 रात करीब 9:35 बजे जैसे ही सैन फ्रांसिस्को एयरपोर्ट पहुंची, वैसे ही होमलैंड सिक्योरिटी एजेंसी और शेरिफ के डिप्टी प्लेन के अंदर घुसे और भगवागर को कॉकपिट से बाहर निकालकर गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान यात्री अपना सामान निकाल ही रहे थे, तभी एजेंट बीच से रास्ता बनाकर उन्हें ले गए।

डेल्टा एयरलाइंस की प्रतिक्रिया वहीं इस मामले में डेल्टा एअरलाइंस ने बयान जारी कर अपनी प्रतिकिया दी। एयरलाइंस ने कहा कि हम इस घटना से स्तब्ध हैं। कंपनी का अवैध गतिविधियों के प्रति कोई सहनशील रवैया नहीं है। आरोपी पायलट को तत्काल सस्पेंड कर दिया गया है और जांच में पूरी तरह सहयोग किया जा रहा है।

### जमानत के लिए तय की गई बड़ी रकम

बता दें कि भगवागर को मार्टिनेज डिटेंशन सेंटर में रखा गया है और उनकी जमानत की रकम 50 लाख अमेरिकी डॉलर तय की गई है। जांच जारी है और जल्द ही उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा। यह मामला अमेरिका में विमानन क्षेत्र से जुड़े सबसे गंभीर यौन अपराध मामलों में से एक माना जा रहा है।

**संबंध विच्छेद**

मैंने अपने पुत्र सौरभ पुत्र स्वर्गीय धर्मेंद्र से समस्त रिश्ते नाते व सम्बन्ध समाप्त कर उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उससे मेरा व मेरे परिवार का कोई ताल्लुक वास्ता नही होगा तथा अपने द्वारा किये गये किसी भी लेन-देन, व्यवहार या कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा मेरा व मेरे परिवार का कोई उत्तरदायित्व किसी प्रकार का नहीं होगा।

प्रार्थिनी श्रीमती लक्ष्मी पत्नी स्वर्गीय धर्मेंद्र निवासी सी 123, गली नंबर 5, इंदिरा विहार, खोड़ा कॉलोनी, थाना खोड़ा, जनपद गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश

# रूस ने यूक्रेन की जेल पर दागीं मिसाइलें

## 17 कैदियों समेत 22 लोगों की मौत, 80 से अधिक घायल



**रूस ने सोमवार रात यूक्रेन की एक जेल और एक चिकित्सा सुविधा पर ग्लाइड बमों और बैलिस्टिक मिसाइलों से हमला किया। जिसमें कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई। रूस ने यह हमला अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चेतावनी के कुछ घंटे बाद किया है। जिसमें ट्रंप ने रूस को चेतावनी देते हुए कहा कि, अगर वह यूक्रेन के साथ समझौता नहीं करता है, तो उसे कड़े प्रतिबंधों और टैरिफ का सामना करना पड़ेगा**

**कीव ।** रूस ने यूक्रेन के दक्षिण-पूर्वी जापोरिजिया क्षेत्र में जेल को निशाना बनाकर हवाई हमले किए हैं। यह हमला सोमवार देर रात किया गया। हमले के दौरान जेल को टारगेट करते हुए चार बम गिरा गए। हमले में में कम से कम 17 कैदियों की मौत हो गई और 80 से अधिक घायल हो गए। केंद्रीय यूक्रेन के ड्नीप्रो क्षेत्र में रूसी मिसाइलों ने एक तीन मंजिला इमारत को निशाना बनाया और पास के चिकित्सा संस्थानों को नुकसान पहुंचाया है। रूसी हमलों में एक प्रसूति अस्पताल और शहर का एक अस्पताल वार्ड सहित आस-पास की कई चिकित्सा सुविधाएं क्षतिग्रस्त हुई हैं।

अधिकारियों ने कहा कि इस हमले में कम से कम चार लोग मारे गए और आठ घायल हो गए। जिनमें एक गर्भवती महिला भी शामिल है। जिसकी हालत गंभीर है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि देश भर में 73 शहरों, कस्बों और गांवों को रूस ने निशाना बनाया है। इन हमलों में कम से कम 22 लोग मारे गए। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर कहा, ये जानबूझकर किए गए हमले थे, आकस्मिक नहीं। ग्लाइड बम, ड्रोन और मिसाइलों से हमला यूक्रेनी वायुसेना ने बताया कि रूस ने रात में दो एस्कंडर-एम बैलिस्टिक मिसाइलें और 37 शाहेड-टाइप के हमलावर ड्रोन तथा डिकोय ड्रोन लॉन्च किए। इनमें से 32 शाहेड ड्रोन यूक्रेनी डिफेंस सिस्टम ने नष्ट या निष्क्रिय कर दिए। मध्यरात्रि के आसपास रूस ने बिलेंकिवस्का सुधार सुविधा पर हमला किया। जिससे जेल का भोजन हॉल पूरी तरह नष्ट हो गया और अन्य प्रशासनिक व क्वारंटीन भवनों को नुकसान पहुंचा। हालांकि जेल की परिधि की बाड़ को कोई नुकसान नहीं हुआ और कोई कैदी फरार नहीं हुआ। हमले में कम से कम 42 कैदियों को गंभीर चोटों के साथ अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि अन्य 40 लोग घायल हुए हैं। यूक्रेनी अधिकारियों ने इस हमले की निंदा की और कहा कि जेल जैसे नागरिक ढांचे पर हमला अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत युद्ध अपराध है। यूक्रेन ने किया पलटवार यूक्रेन ने रूसी हमलों का जवाब देने के लिए अपनी लंबी दूरी की ड्रोन तकनीक का इस्तेमाल किय। जिसके जरिए उसने रूस के तेल डिपो, हथियार निर्माण संयंत्रों को निशाना बनाया।

# पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राजपाल त्यागी के निधन पर व्यक्त किया शोक






गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय राज्यपाल त्यागी के निधन पर शोक व्यक्त करने के लिए देश और प्रदेश से दिग्गज नेता पहुंचे हैं। सभी समाजों के गणमान्य लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक व्यक्त किया श्रद्धांजलि अर्पित की। मंगलवार को किसान नेता नरेश टिकैत भी लोहिया नगर स्थित उनके आवास पर पहुंचे और उन्होंने स्वर्गीय पूर्व कैबिनेट मंत्री राजपाल त्यागी को श्रद्धांजलि दी।

## बैठक





गाजियाबाद, करंट क्राइम। पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट गाजियाबाद के निर्देशानुसार रिजर्व पुलिस लाईन्स कमिश्नरेट गाजियाबाद स्थित परमजीत हॉल में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 107 के अनुसार अपराध से अर्जित सम्पत्ति की पहचान, कुर्की, जब्ती एवं वापसी प्रक्रिया से सम्बन्धित विषय पर सुधीर कुमार बीलवान, सेवानिवृत्त पुलिस उपाधीक्षक द्वारा कमिश्नरेट गाजियाबाद के समस्त पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त एवं थानों/शाखाओं में नियुक्त अतिरिक्त निरीक्षक को नवीन विधिक प्रावधानों की गहन जानकारी प्रदान कर प्रशिक्षित किया गया।

# जिलाधिकारी के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन

## दीपक मीणा ने जनहित में पारदर्शिता संवेदनशीलता और कुशल प्रशासन का दिया परिचय





### गाजियाबाद सदैव मेरे हृदय के निकट रहेगा : जिलाधिकारी

करंट क्राइम। अपने संबोधन में जिलाधिकारी दीपक मीणा ने जनपद गाजियाबाद में बिताए गए समय को यादगार बताते हुए सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह जनपद सदैव उनके हृदय के निकट रहेगा।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी दीपक मीणा के स्थानांतरण पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न और शुभकामनाएं भेंट कर उनके योगदान के प्रति आभार प्रकट किया। समारोह में वक्ताओं ने दीपक मीणा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने जनहित में पारदर्शिता, संवेदनशीलता और कुशल प्रशासन का परिचय दिया।

उनके नेतृत्व में जनपद ने अनेक क्षेत्रों में प्रगति की, विशेषकर विकास परियोजनाओं, जनसुनवाई, कांवड़ यात्रा, आपदा प्रबंधन, जल संचय और किसानों/व्यापारियों/उद्यमियों के समस्याओं के निराकरण, के सफल क्रियान्वयन के लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा।

**विदाई समरोह में उपस्थिति :** समारोह में जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, डीएफओ ईशा तिवारी, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, एडीएम ई रणविजय सिंह, जीडीए सचिव राजेश सिंह, एडीएम एल/ए विवेक मिश्र, एडीएम जे अंजुम बी., एडीएम सिटी विकास कश्यप, एडीएम एफ/आर सौरभ भट्ट, सिटी मजिस्ट्रेट डॉ.सन्तोष कुमार उपाध्याय, एसडीएम अरूण दीक्षित, एसडीएम राजेन्द्र, जीएमडीआईसी श्रीनाथ पासवान, डीपीआरओ प्रदीप कुमार द्विवेदी, जिला सूचना अधिकारी योगेन्द्र प्रताप सिंह सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## महानगर उद्योग व्यापार मंडल ने किया नई कार्यकारिणी का गठन

# विपिन गोयल को महानगर युवा व्यापार मंडल गाजियाबाद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद महानगर उद्योग व्यापार मंडल में मंगलवार को प्रांतीय अध्यक्ष बनवारीलाल कंछल के दिशा-निर्देशन में, महानगर अध्यक्ष गोपीचंद एवं महामंत्री अशोक चावला द्वारा युवा महानगर उद्योग व्यापार मंडल की टीम का पुनर्गठन किया गया। इस अवसर पर नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई, जिसमें पदाधिकारियों को जिम्मेदारियाँ सौंपी गईं। चेयरमैनः मनोज गर्ग, अध्यक्षः विपिन गोयल, वरिष्ठ महामंत्रीः पंकज गुप्ता, महामंत्रीः वसीम अली, हरीश शर्मा, संजीव गुप्ता (सन्तु), हितेंद्र शर्मा कोषाध्यक्षः अनित मदन।

इस विशेष अवसर पर अनेक गणमान्य व्यापारीगण एवं मंडल पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से– महानगर चेयरमैनः बृजमोहन सिंघल, महानगर कोषाध्यक्षः नरेश अग्रवाल, युवा प्रदेश महामंत्रीः राजदेव त्यागी, वरिष्ठ उपाध्यक्षः पवन शर्मा, सुनील गुप्ता, राकेश स्वामी, उपाध्यक्षः संजीव मित्तल, उद्योग मंच अध्यक्षः आनंद प्रकाश। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों से भी व्यापार मंडलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। नवयुग मार्केटः अध्यक्ष संदीप गर्ग, शास्त्री नगर व्यापार मंडलः सुधीर कुमार, गोल मार्केटः अध्यक्ष राकेश बवेजा, सेक्टर 23ः अध्यक्ष प्रदीप गर्ग, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजा त्यागी, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, दिल्ली गेट व्यापार मंडलः उपाध्यक्ष यशवर्धन गुप्ता, गोविंदपुरम अनाज मंडीः महामंत्री सुधीर गोयल, विजयनगरः सुखविंदर सिंह, गांधीनगरः मुखवेंद्र, शास्त्री नगरः चेयरमैन कुंवर पाल, नयागंजः प्रवीण। उपस्थित सभी व्यापारियों ने नवनिर्वाचित युवा पदाधिकारियों को बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# दिनेश कुमार गोयल सभापति की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की बैठक सम्पन्न





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विधान परिषद सभागार कक्ष लखनऊ में मंगलवार को दिनेश कुमार गोयल, सभापति प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की अध्यक्षता में विद्युत व्यवस्था संबंधी जांच समिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें आशीष गोयल अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन निगम लि0 लखनऊ, पंकज विशेष सचिव उर्जा, ईशा दुहन, प्रबन्ध निदेशक पश्चिमांचल विद्युत वितरण नि0 मेरठ व अन्य उच्चाधिकारियों के मौजूद रहे। इसमें कई गम्भीर विषयों पर चर्चा की गयी एवं विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए उचित कदम उठाने हेतु सभापति द्वारा निर्देशित किया गया। साथ ही जनपद गौतमबुद्धनगर के ग्राम नरलगढा में राज्य सरकार की 2700 बीघा भूमि पर एन0पी0सी0एल0 के कर्मचारियों के साठ-गाठ कर भू-माफियों द्वारा अवैध रूपर से लगभग 50 टयूववैल के संचालित किये जाने, दादरी विद्युत केन्द्र एवं कुडीखेडा उपकेन्द्र के क्षेत्र में विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा की जा रही अनियमितताओं आदि महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गयी।

इस मीटिग के दौरान सभापति दिनेश कुमार गोयल के साथ विजय बहादुर पाठक, सी पी चन्द, जितेन्द्र सिंह सेंगर, डा0 रतन पाल सिंह सदस्यगण विधान परिषद व डा आशीष गोयल चेयरमैन विद्युत वितरण निगम लि0, एम0डी0 दक्षिणांचल व अन्य विद्युत विभाग से सम्बन्धित सभी उच्चाधिकारी मौजूद रहे।

# फर्जी दूतावास चलाने वाले हर्षवर्द्धन जैन को पुलिस ने लिया कस्टडी में

## पांच दिन तक होगी सख्ती से पूछताछ





करंट क्राइम फॉलोअप

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कविनगर जैसी पॉश कॉलोनी में फर्जी दूतावास चलाकर हजारों लोगों को चूना लगाने वाले ठग हर्षवर्द्धन जैन को पुलिस मंगलवार को डासना जेल से बाहर लेकर आई है। पुलिस को हर्षवर्द्धन जैन की रिमांड मिल गई है। पुलिस को जैन की 2 अगस्त तक रिमांड मिली है। इस दौरान पुलिस इस नटवरलाल से गहराई से पूछताछ करेगी। पुलिस उसे गुजरात समेत कई जगहों पर ले जाएगी। सोमवार को पुलिस ने कोर्ट से उसकी रिमांड हासिल की है। वहीं मंगलवार को उसे जेल से बाहर ले जाया गया।

मंगलवार से उसकी रिमांड शुरू हो गई है। डासना जेल से निकालने के बाद पुलिस ने सबसे पहले उसकी मेडिकल जांच कराई। उसके बाद उसे अपनी कस्टडी में लिया। अगले पांच दिनों तक पुलिस उससे उसके अपराध को लेकर पूछताछ करेगी। इस दौरान पुलिस के अलावा एसटीएफ और ईडी भी उससे पूछताछ करेगी। हर्षवर्द्धन जैन की लंदन, मॉरीशस, दुबई समेत कई देशों में बैंक खातों का पता चला है। पुलिस उससे इन खातों के बारे में पूछताछ करेगी।

पुलिस सूत्रों ने कहा कि हर्षवर्द्धन जैन को गुजरात और मुंबई भी ले जाया जा सकता है। बता दें कि कविनगर के एक कोठी को किराए पर लेकर हर्षवर्द्धन जैन ने फर्जी दूतावास खोल लिया था।

इस दूतावास से वह लोगों को फर्जी सर्टिफिकेट और अन्य दस्तावेज जारी करता था। इसके बदले लाखों रुपए हासिल करता था। उसके पास से कई ऐसो देशों के स्टांप और कागज मिले, जो कहीं अस्तित्व में ही नहीं है। नोएडा एसटीएफ ने पिछले दिनों उसके आवास पर छापा मारकर फर्जी दूतावास का भंडाफोड किया था।

# प्रेम का दीपक जला कर अंतःकरण को आलोकित करें : के के शर्मा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सोशल चौकीदार के के शर्मा ने कहा कि जीवन अभिभक्त है, देखने में लगता है– जीवों के शरीर उनकी आकृतियाँ भिन्न हैं पर वे सब एक ही प्रकृति मिट्टी, पानी, अग्नि, वायु और आकाश के पंचीकृत रूप हैं। देखने में लगता है कि सबकी लालसायें, आकांक्षाएं और आवश्यकतायें अलग–अलग हैं पर वह सब एक ही इच्छा शक्ति, विचार शक्ति, सङ्कल्प शक्ति के नाना रूप हैं। इस भिन्नता को स्थूल दृष्टि से सत्य मान लेने के कारण ही शाश्वत सौन्दर्य नष्ट हो जाता है। हमारी अन्तवार्णी पूछती है जब सम्पूर्ण चेतना एक ही शक्ति का अंश है तो परस्पर प्रेम का आदान प्रदान क्यों नहीं कर सकती है? प्रेम से उन्नत कोई सम्पत्ति नहीं, प्रेम से उन्नत कोई सद्गुण नहीं। प्रेम ही सत्य रूप में प्रकट हुआ धर्म और परमेश्वर का व्यक्त प्रकाश है। जिसने प्रेम का रसास्वादन न किया उसका सारा जीवन बेकार है। ईश्वर को प्राप्त करने के प्रत्येक जिज्ञासु को प्रेम की उपासना करनी पड़ेगी। उसे अपने आपसे– परिवार, पत्नी और बच्चों से– पड़ोसी, देश और विश्व से सृष्टि से प्राणि मात्र से उतना ही घनिष्ट प्रेम करना पड़ेगा जितना वह परमात्मा को प्रेमास्पद मानता है। भगवान् प्रेम में ही विराजते हैं, प्रेम की साधना किये बिना कोई उन्हें पा नहीं सकता। प्रेम ही सुखद और प्रेम ही लक्ष्य है। फिर वस्तुओं को क्यों ढूँढ़ा जाये ? क्यों न प्रेम का दीपक जला कर अन्तःकरण आलोकित किया जाए।

## गाजियाबाद में बहुमंजिला इमारतों का फायर ऑडिट तेज

# अग्निशमन मानक न मानने पर कार्रवाई



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अग्निशमन तथा आपात सेवा कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा जनपद के समस्त बहुमंजिला भवनों की अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण एवं फायर ऑडिट किया जा रहा है। यह अभियान उत्तर प्रदेश अग्निशमन तथा आपात सेवा अधिनियम-2022 के अंतर्गत संचालित किया जा रहा है। फायर ऑडिट के दौरान संबंधित भवनों की अग्निशमन व्यवस्था की कार्यशीलता का परीक्षण किया जा रहा है। साथ ही, भवनों में निवास कर रहे लोगों एवं तैनात स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों की उपयोग विधि की जानकारी दी जा रही है। इसके अतिरिक्त, इमरजेंसी की स्थिति में सुरक्षित बाहर निकलने की प्रक्रिया को लेकर भी मॉक ड्रिल का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

इस मॉक ड्रिल के जरिए आग लगने की प्रारंभिक अवस्था में ही उसे नियंत्रित करने के उपायों को भी प्रदर्शित किया जा रहा है। फायर ऑडिट के दौरान जिन बहुमंजिला भवनों में मानकों के अनुरूप अग्निशमन व्यवस्था अनुपलब्ध या निष्क्रिय पाई जाती है, उन भवनों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इन नोटिसों के माध्यम से भवन स्वामियों को अग्निशमन व्यवस्थाओं को तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए जा रहे हैं। यदि भवन स्वामी नोटिस के उपरांत भी सुधार नहीं करते हैं, तो उनके विरुद्ध न्यायालय में वाद दाखिल कर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

आवास विकास परिषद द्वारा सिद्धार्थ विहार सेक्टर-7 में निर्मित एक बहुमंजिला भवन और राजनगर एक्सटेंशन स्थित के.एम. रेजीडेंसी को अग्नि सुरक्षा के मानकों का उल्लंघन करने पर न्यायालय में वाद का सामना करना पड़ा है। इन भवनों में जरूरी अग्निशमन उपकरण या तो मौजूद नहीं थे या निष्क्रिय पाए गए थे। कमिश्नरेट ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा और जनपद के किसी भी बहुमंजिला भवन में अग्नि सुरक्षा के मानकों की अनदेखी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित रखना और भविष्य में होने वाली किसी भी अग्निकांड की घटना को रोकना है।

# वेबसिटी के पास ट्रॉला के पीछे जा घुसी कार, बाल-बाल बचे सवार



**गाजियाबाद, करंट क्राइमः** नेशनल हाईवे नंबर-9 पर वेबसिटी क्षेत्र में ट्रॉला और कार के बीच टक्कर हो गई। इस टक्कर में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। गनीमत है कि कार में सवार लोगों की जान बच गई। हालांकि चालक को मामूली चोट आई है।

जानकारी के अनुसार, एनएच-9 पर वेबसिटी के पास ट्रॉला टर्न लेने के लिए जैसे ही मुडा, पीछे से आ रही एक कार ने टक्कर मार दी। इस टक्कर में कार का अगला हिस्सा ट्रॉला के अंदर घुस गई। जिस कारण कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने कार से लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। कार चालक को मामूली चोट आई है। बताया जाता है कि कार की रफ्तार ज्यादा थी और चालक रफ्तार को कंट्रोल नहीं कर पाया।

# आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल में राष्ट्रभक्ति और गरिमा से सजा एन.सी.सी. उद्घाटन समारोह





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आर.के.जी. ग्लोबल स्कूल ने मंगलवार को अपने प्रांगण में राष्ट्रीय कैडेट कोर इकाई के उद्घाटन समारोह का भव्य आयोजन किया। समारोह की शुरूआत औपचारिक स्वागत भाषण से हुई।

मुख्य अतिथि आंचल गोयल (उपाध्यक्ष), निदेशक डॉ. सत्येन्द्र कुमार, एन.सी.सी. अधिकारी कर्नल संदीप पांडे (कमांडिंग ऑफिसर - 37 यूपी बटालियन एनसीसी, गाजियाबाद), कर्नल उमेश मारवाह (ए.ओ.), सूबेदार मेजर हरविंदर सिंह, वरिष्ठ जीसीआई सुमन आर्य (गर्ल्स कैडेट प्रशिक्षिका), जय प्रकाश (ऑफिस हेड असिस्टेंट), और नरेंद्र सिंह ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

उपाध्यक्ष आंचल गोयल और निदेशक डॉ. सत्येन्द्र कुमार ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने एनसीसी के मूलमंत्र पर बल देते हुए विद्यार्थियों को जीवन में साहस, निष्ठा और सेवा की भावना को आत्मसात करने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि और एनसीसी अधिकारियों को विद्यालय की ओर से सम्मानपूर्वक स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।

# सांप के डसने से आठवीं कक्षा के छात्र की मौत



**मुरादनगर (करंट क्राइम)।** मुरादनगर की राधेश्याम विहार कॉलोनी में मंगलवार तड़के घर में सो रहे कक्षा आठ के छात्र को डंस लिया। 13 वर्षीय किशोर के शोर मचाने पर परिजन जागे। बताया जा रहा कि शरीर में जहर चढ़ने के बाद परिजन किशोर को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। राधेश्याम विहार कॉलोनी फेस पांच में दिव्यांग दंपति विशाल शर्मा और पूनम रहते हैं। उनका 13 वर्षीय बेटा रुद्र शर्मा कक्षा आठ का छात्र था। रुद्र पढ़ाई के साथ दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित गांव असालतनगर में हनुमान मंदिर के बाहर फूल माला बेचकर परिवार का लालन-पालन करता था। सोमवार रात विशाल और पूनम कमरे में सो गए।

वहीं, रुद्र बरामदे में चारपाई पर सो गया। सुबह चार बजे रुद्र के हाथ पर सांप ने डंस लिया। इससे उसकी चीख निकल गई। चीख सुनकर आसपास परिजन मौके पर पहुंच गए। वहीं, अन्य लोगों ने किसी तरह किशोर के हाथ से सांप को अलग किया। ईएमओ डॉ. योगेंद्र ने बताया कि किशोर के शरीर में जहर फैल चुका था। इसके चलते उसकी मौत हुई। वहीं, ग्रेटर नोएडा के चारमूर्ति चौक स्थित ब्रिजवासीपुरम कॉलोनी निवासी 30 वर्षीय ब्रिजवती सुबह अपने घर में काम कर रही थीं, तभी सांप ने उन्हें डंस लिया। घटना के बाद पति मोहनलाल उसे लेकर एमएमजी अस्पताल की इमरजेंसी में पहुंचे। जहां महिला का उपचार शुरू कर दिया गया। पांच घंटे बाद हालत में सुधार होने पर महिला को छुट्टी दे दी गई। झाड़-फूंक कराने के लिए भटकते रहे सूत्रों के अनुसार, कॉलोनी के लोग किशोर को आयुध निमार्णी फैक्टरी में झांड़-फूंक करने वाले के पास ले गए। सुबह चार से आठ बजे तक झांड़-फूंक कराने में ही लगे रहे। जब किशोर को कोई आराम नहीं मिला तो मुरादनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां से किशोर की हालत गंभीर देखकर संजयनगर स्थित संयुक्त अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। संयुक्त अस्पताल की इमरजेंसी में किशोर को एंटी वेनम की कई डोज लगाई गई, लेकिन शरीर में जहर चढ़ चुका था। इस कारण उसकी मौत हो गई